卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 278 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦20 जुलाई 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## निजी बस की टक्कर से महिला दरोगा की मौत, सिपाही घायल

देहरादून(उद संवाददाता)। कांवड़ यात्रा के लिए स्कूटी पर ड्यूटी जा रही महिला दारोगा की हरिद्वार रोड पर बस की चपेट में आने से मौत हो गई। जबकि स्कूटी पर सवार महिला सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल को अस्पताल भर्ती कराया गया है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेने के साथ ही बस चालक को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार थाना बड़कोट में तैनात महिला दरोगा कांता थापा की कांवड़ में ड्यूटी लगी थी। शनिवार को वह स्कूटी से ड्यूटी पर जाने के लिए घर से निकलीं। इस दौरान उनके साथ (शेष पृष्ठ सात पर)





## बोलेरो खाई में गिरने से दो लोगों की मौत

देहरादून (उद संवाददाता)। त्यूणी में कथियान- डांगुठा मोटर मार्ग पर शुक्रवार देर रात बोलरो वाहन अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। बोलरो वाहन कथियान से ऐठान की ओर जा रहा था। वाहन में चालक सहित दो लोग सवार थे। ऐठान गांव से कुछ दूरी पर चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। वाहन में खाई में जा गिरा। स्थानीय ग्रामीण दोनों व्यक्तियों को बाहर निकालने के लिए खाई में उतरे। लेकिन, दोनों की मौत हो चुकी थी। राजस्व (शेष पृष्ठ 7 पर)



## भाजपा की बैठक में दर्जा राज्य मंत्री की जमकर हुई खिंचाई

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिवस भाजपा संगठन की बैठक में दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री की जमकर खिंचाई हो गई और वह बेचारे इधर-उधर बगले झांकते नजर आये। जानकारी के अनुसार भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार गत सायं कार्यकर्ताओं से मिलने के लिये किच्छा रोड स्थित भाजपा जिला कार्यालय पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी से मुलाकात करते हुये उनसे संगठन से सम्बंधित सुझाव मांगे। बैठक में पदाधिकारियों द्वारा उन्हे अपने कई सुझाव से अवगत कराया गया। इन सुझावों में कई महत्वपूर्ण सुझाव पर उनके द्वारा गंभीरता से मंथन भी किया गया। इसी बीच दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री ने भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार को बताया कि प्रशासन द्वारा बाढ़ के मद्देनजर नदी के दोनों ओर 20-20 मीटर निशान लगाते हुये वहां बसे लोगों को हटाने के लिये नोटिस बांटे गये है। दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री की यह बात सुन महामंत्री संगठन झल्ला (शेष पृष्ठ सात पर)



## लात मारकर गंगा जल गिराने पर कावड़ियों का हंगामा

रुड़की(उद संवाददाता)। भगवानपुर में एमटीएनएल कंपनी के पास दूसरे समुदाय के अर्ध विक्षिप्त युवक ने लात मारकर कांवड़ यात्रियों का जल गिरा दिया, जिसे लेकर मौके पर हंगामा हो गया पुलिस ने बमुश्किल मामला शांत कराया। पुलिस ने हरिद्वार से जल मंगाकर कांवड़ यात्रियों को वहां से रवाना किया। जानकारी के अनुसार पंजाब के चंडीगढ़ निवासी बलराम, नितेश एवं राहुल हरिद्वार से जल लेकर चंडीगढ़ जा रहे थे। शनिवार की सुबह एमटीएनएल कंपनी के पास कांवड़ यात्री जल रखकर विश्राम करने लगे। इसी बीच दूसरे समुदाय के एक अध 'विक्षिप्त युवक ने लात मार कर कांवरियों के गंगाजल को गिरा दिया। इससे कांवड़ यात्री आक्रोशित हो गए। उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। इसी बीच आरोपित युवक वहां से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और छानबीन की। पुलिस ने छानबीन की तो पता चला कि मुस्लिम युवक अर्ध विक्षिप्त है। पुलिस ने कांवड़ यात्रियों को शांत किया और उनके लिए जल की व्यवस्था कराई। हरिद्वार से पुन: जल मंगाकर कांवड़ यात्रियों को दिया गया इसके बाद कांवड़िये रवाना हुए।



## थाने में पत्रकार से अभद्रता पर कोतवाल का घेराव

### दरोगा और कोतवाल के माफी मांगने पर शांत हुआ मामला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तरांचल दर्पण के पत्रकार दीपक शर्मा के साथ थाने में दरोगा द्वारा अभद्रता किये जाने का मामला तूल पकड़ गया। शनिवार को दर्जनों पत्रकारों ने कोतवाली पहुंचकर मामले को लेकर विरोध प्रदर्शन किया और कोतवाल का घेराव किया। बाद में कोतवाल और दरोगा के माफी मांगने पर मामला शांत हुआ। बता दें शुक्रवार को कोतवाली में कवरेज के लिए गये पत्रकार दीपक शर्मा के साथ दरोगा दीपक कौशिक अभद्रता पर उतारू हो गये। कोतवाली में फरियाद लेकर आये फरियादी की तहरीर की फोटो खींचने पर दरोगा ने दीपक शर्मा से अभद्रता करते हुए मोबाइल छीनने का प्रयास किया। इससे पत्रकारों रोष व्याप्त हो गया। मामले को लेकर शनिवार को युवा प्रेस क्लब के अध्यक्ष सौरभ गंगवार, संरक्षक कमल श्रीवास्तव के साथ ही दर्जनों पत्रकार कोतवाली जा धमके। उन्होंने दरोगा के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए कोतवाल का घेराव किया। पत्रकारों ने पत्रकार दीपक शर्मा के साथ अभद्रता को लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ पर हमला बताते हुए कार्रवाई की मांग की। उनका कहना था कि पत्रकारों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। काफी देर तक हंगामे के बाद कोतवाल ने पत्रकार के साथ ही बदसलूकी पर खेद व्यक्त किया, साथ ही उन्होंने दरोगा दीपक कौशिक के व्यवहार पर भी नाराजगी व्यक्त की। दरोगा ने भी माफी मांग कर खेद (शेष पृष्ठ सात पर)



## गुलदार ने ग्रामीण पर किया हमला

श्रीनगर गढ़वाल(उद संवाददाता)। श्रीनगर कीर्तिनगर ब्लॉक के जाखी गांव निवासी ग्रामीण पर गुलदार ने शुक्रवार देर शाम हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गए। नेगी को ग्रामीण व प्रशासन की टीम ने तत्काल श्रीकोट बेस अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उनका इलाज चल रहा है । मिली जानकारी के अनुसार जाखी गांव निवासी 56 वर्षीय लक्ष्मण सिंह शाम को अपने घर जाखी से खुम्खू जा रहे थे, लेकिन पुराणी जाखी रास्ते से 50 मीटर नीचे झाड़ियों में छिपे (शेष पृष्ठ सात पर)



## व्यापार मण्डल ने एसएसपी से की लोडर वाहनों को नो एंट्री में राहत देने की मांग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बाजार में व्यापारियों का सामान लेकर आने वाले वाहनों को नो एंट्री में छूट देने की मांग को लेकर व्यापार मण्डल के प्रतिनिधि मण्डल ने शनिवार को एसएसपी डा. मजुनाथ टिसी से मुलाकात की। वार्ता के बाद एसएसपी ने व्यापारियों की मांग पर सहमति जताते हुए लोडर वाहनों को राहत देने का आश्वासन दिया। दुर्घटनाओं को देखते हुए बाजार क्षेत्र में लोडर वाहनों (शेष पृष्ठ सात पर)



## बीमार पत्नी को चारपाई पर लेकर थाने पहुंचा बुजुर्ग

### थाने में शिकायत पर नहीं हो रही थी सुनवाई,पुलिस ने आश्वासन देकर वापस भेजा

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। अपने पड़ोसी व पुत्र से परेशान बुजुर्ग अपनी मरणासन्न हालत में बीमार पत्नी को लेकर थाने पहुंच गया। थाने में चारपाई पर पड़ी बीमार बुजुर्ग महिला का देख पुलिस के होश उड़ गए। बमुश्किल पुलिस ने बुजुर्ग को कार्यवाही का आश्वासन देकर वापस भेजा। हुआ यूं की प्रात: करीब 10 बजें ग्राम सलमती निवासी गुरचरन सिंह पहिए वाली चारपाई पर अपनी बुजुर्ग गंभीर बीमार पत्नी को लेकर थाने में आ गया। चारपाई पर बुर्जग महिला को देख थाने में मौजूद हल्का इंचार्ज शंकर सिंह विष्ट एवं सिपाही हक्के बक्के रह गए। 70 वर्षीय बुर्जुग ने अपने कपड़े उतारकर अपनी बीमार पत्नी को थानेदार के दफ्तर के सामने लेटा दिया। दरोगा शंकर सिंह विष्ट व सिपाही नवीन जोशी ने बुर्जुग व उसके साथ आए दामाद रिंकु सिंह को समझाने का प्रयास करते हुये अपनी समस्या लिखित में देने को कहा। लेकिन बुर्जुग का आरोप था कि उसके पड़ोसी व पुत्र उसके साथ मारपीट करते हैं। कई बार थाने में शिकायत करने के बाद भी पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नही की गई है। जिससें तंग आकर वह अपनी बीमार पत्नी को थाने लेकर आया है। बुर्जुग अपने साथ प्रार्थना पत्र जो थाने में दिए थे, उसका पुलिंदा भी लाया था। जिसमें उसने अपने पुत्र व पड़ोसियों पर मारपीट के आरोप लगाए हुये थे। लेकिन पुलिस उन प्रार्थना पत्रों की (शेष पृष्ठ 7 पर)



# मानव वन्यजीव संघर्ष में मृतकों के परिजनों और घायलों को शीघ्र मुआवजा उपलब्ध कराने के निर्देश

## उत्तराखंड राज्य वन्य जीव बोर्ड की बैठक में सीएम ने दिए वन कर्मियों को पर्याप्त मात्रा में उपकरण,कैमरा ट्रैप, एनाईडर, ट्रैक्युलाईज गन देने के निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में सचिवालय में उत्तराखंड राज्य वन्य जीव बोर्ड की 20वीं बैठक हुई। बैठक में मुख्यमंत्री ने मानव-वन्यजीव संघर्ष में मृतकों के परिजनों और घायलों को यथाशीघ्र अनुमन्य सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि मानव वन्यजीव संघर्ष को कम करने के लिए वन विभाग द्वारा अधिक प्रभावी प्रयास किए जाएं। इसके निवारण के लिए सुनियोजित नीति बनाते हुए इस पर गंभीरता से कार्य किया जाए। इसके साथ ही जंगलों से लगते जो स्थान बायोफैंसिंग से वंचित रह गए हैं, उन स्थानों पर अतिशीघ्र बायोफैंसिंग किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मानव वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम हेतु चिन्हित हॉट स्पॉट क्षेत्रों में वन कर्मियों की गश्त बढाई जाए एवं वन कर्मियों को पर्याप्त मात्रा में उपकरण कैमरा ट्रैप, एनाईडर, ट्रैक्युलाईज गन आदि दी जाए। साथ ही आधुनिक उपकरण जैसे ड्रोन के माध्यम से भी जंगली जानवरों पर नजर रखी जाए। जिन प्रभागों में मानव वन्यजीव संघर्ष के ज्यादा मामले आ रहे हैं उन स्थानों पर विशेष नजर रखी जाए। उन्होंने



हल्द्वानी में प्रस्तावित जू एंड सफारी के मास्टर प्लान पर जल्द डीपीआर बनाने के भी निर्देश दिए। साथ ही राजाजी टाइगर रिजर्व के अन्तर्गत चौरासी कुटिया का अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार विकास एवं उच्चीकरण अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वन क्षेत्रों में प्रस्तावित विकास योजनाओं को नियमों के दायरे में रहकर जल्द पूरा किया जाए, ताकि आमजन को सहूलियत मिल सके। मुख्यमंत्री ने राज्य में वन्य जीव आधारित पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न नेशनल पार्कों के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए वाइल्डलाइफ आधारित डॉक्यूमेंट्री, फिल्म बनाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही विभिन्न स्थानों पर बर्ड वाचिंग कैंप का आयोजन भी किया जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि जमरानी बाँध बहुउद्देशीय परियोजना के लिए नेशनल बोर्ड फॉर वाइल्डलाइफ से स्वीकृति मिल चुकी है। प्रदेश में मानव वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम हेतु वित्तीय वर्ष 2023-24 में आधुनिक उपकरणों के क्रय हेतु वन प्रभागों को 10 करोड़ 50 लाख रूपये की धनराशि आवंटित की गई है। इस दौरान बैठक में वन मंत्री श्री सुबोध उनियाल, विधायक श्री बंशीधर भगत, श्री दीवान सिंह बिष्ट, श्री सुरेश सिंह चौहान, मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव श्री आर.के सुधांशु, प्रमुख वन संरक्षक डॉ. धनंजय मोहन, प्रमुख वन संरक्षक, वन्यजीव डॉ. समीर सिन्हा, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते, एडीजी ए.पी अंशुमन एवं बोर्ड के सदस्य उपस्थित रहे।

# मैं कुछ नहीं कहना चाहता,चार धाम पर कोई राजनीति न करें

देहरादून(उद संवाददाता)। केदारनाथ धाम में 228 किलो सोना गायब होने के विवाद पर सीएम धामी का बयान सामने आया है। शुक्रवार को सीएम धामी ने मीडिया से वार्ता के दौरान कहा कि इस मामले में मैं कुछ नहीं कहना चाहता हूं. क्योंकि हमारे संत और मंदिर समिति पहले ही इसके बारे में बोल चुकी है कि ये तथ्यों से परे है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री धामी ने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मैं राजनीतिक दलों के मित्रों से आग्रह करता हूं कि चारधाम पर राजनीति न करें।शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने केदारनाथ से 228 किलो सोना गायब होने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि केदारनाथ में सोने का घोटाला हुआ है। लेकिन इसकी जांच के लिए सरकार ने कमेटी का गठन तक नहीं किया। उन्होंने कहा था कि वहां घोटाला करने के बाद अब दिल्ली में केदारनाथ मंदिर बनाया जाएगा। वहां भी फिर एक घोटाला किया जाएगा। वहीं दूसरी तरफ अब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई कैबिनेट में फैसला किया गया कि



उत्तराखंड के चारों धाम के नाम पर कोई ट्रस्ट नहीं बनेगा। बता दें दिल्ली में केदारनाथ धाम के नाम से मंदिर बनाने को लेकर उठे विवाद के बीच धामी कैबिनेट ने ये निर्णय लिया है। जिसके बाद समूचे संत समाज ने मुख्यमंत्री धामी को अपना आशीर्वाद दिया है। बीते गुरुवार को धामी कैबिनेट ने फैसला लिया कि बदरीनाथ, केदारनाथ, यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के नाम का दुरुपयोग नहीं किया जाएगा. इसे रोकने के लिए धामी सरकार ने कड़ा कानून बनाने का फैसला किया है। यदि कोई व्यक्ति इन प्रसिद्ध और पवित्र धामों से मिलते-जुलते नामों को लेकर मंदिर या धाम बनाएगा तो सरकार उसपर कड़ी कानूनी कार्रवाई करेगी। धामी कैबिनेट ने धर्मस्व विभाग को जल्द एक प्रस्ताव तैयार कर कैबिनेट के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

# सोलर पम्प लगाने पर मिलेगी 80 प्रतिशत सब्सिडी

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई सुशील कुमार ने बताया कि जनपद में प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा उत्थान महाअभियान(पी0एम0कुसुम) योजना के अन्तर्गत डीजल पम्प बोरिंग पर सिंचाई हेतु सोलर पम्प लगाने पर किसान को लागत में 80 प्रतिशत सब्सिडी दी जाएगी, जिससे किसान की आय में वृद्धि होगी साथ ही डीजल के खर्च में लगभग 50 हजार रूपये प्रतिवर्ष तक की बचत होगी। उन्होंने बताया कि 3 एचपी, 5 एचपी, 7.5 एचपी व 10 एचपी क्षमता वाले पम्प हेतु संदर्भ लागत (बेंचमार्क कॉस्ट) नियत की गयी है जिसका मात्र 20 प्रतिशत कृषक अंश होगा, कृषक द्वारा यह अनुदान धनराशि अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई खण्ड ऊधमसिंह नगर के पक्ष में देय होगी। उन्होंने कहा कि 3 एचपी एवं 5 एचपी पम्प हेतु 6 इंच की बोरिंग तथा 7.5 एचपी व 10 एचपी पम्प हेतु 9 इंच की बोरिंग होना अनिवार्य है, साथ ही किसान की स्वयं की बोरिंग होना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त समरसिबल सोलर पम्प के लिये किसान के पास 300 फीट का बोर होना अनिवार्य है। सोलर पम्प स्थापित होने पश्चात कृषक द्वारा स्थान परिवर्तन अनुमन्य नहीं होगा, अन्यथा की स्थिति में सम्पूर्ण अनुदान धनराशि कृषक से वसूल की जाएगी। अधि. अभियंता ने बताया कि आवेदन व आवश्यक जानकारी हेतु लघु सिंचाई खण्ड ऊधम सिंह नगर के विकास खण्डों में कार्यरत कनिष्ठ/अपर सहायक अभियंता, सहायक अभियंता लघु सिंचाई उपखण्ड काशीपुर/रूद्रपुर से संपर्क करें।

गुरू पूर्णिमा के उपलक्ष्य में विशाल भंडारा एवं
श्री बालाजी दरबार
दिनांक 21 जुलाई 2024, दिन रविवार शाम 8.00 बजे से
स्थान- श्री नीलकंठ धाम मंदिर, शैलजा फार्म, रूद्रपुर
निवेदक-श्री नीलकंठ धाम चैरिटेबिल ट्रस्ट,रूद्रपुर
सम्पर्क सूत्रः- 9897545454, 8272020006

# नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने फर्जी क्लीनिक में जड़ा ताला

## महिला द्वारा जारी किए जा रहे थे जन्म प्रमाण पत्र

काशीपुर(उद संवाददाता)। ढकिया गुलाबो रोड पर नियम विपरीत तरीके से क्लीनिक/नर्सिंग होम संचालित करने वाली एक तथाकथित महिला चिकित्सक के घर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अमरजीत सिंह साहनी ने शुक्रवार की शाम छापामार कार्यवाही करते हुए मकान पर ताला जड़ दिया। महिला पर आरोप है कि उसके द्वारा फर्जी ढंग से जन्म प्रमाण पत्र जारी किए जा रहे हैं। इसके अलावा उसे पर यह भी आरोप है कि बगैर किसी विभागीय औपचारिकता के वह क्लिनिक/नर्सिंग होम संचालित कर रही है जहां गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी कराए जाने का मामला प्रकाश में है। नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने पूनम गोले नामक इस महिला को संबंधित दस्तावेजों के साथ शनिवार को अपराह्न बाद 3:00 बजे अपना पक्ष रखने के लिए निगम कार्यालय में तलब किया है। जानकारी के अनुसार आकांक्षा मार्बल से ढकिया गुलाबो की ओर निकलने वाले लिंक मार्ग पर पिछले काफी समय से पूनम गोले नामक एक महिला स्वास्थ्य विभाग के सभी नियम कायदों को ताक पर रखकर गर्भवती महिलाओं के प्रसव कराते हुए जान माल के साथ खिलवाड़ कर रही है। बताया जा रहा है कि प्रसव कराने के नाम पर उक्त महिला मनमानी फीस वसूल करती है। पूनम गोले नामक महिला पर आरोप है कि उसने धड़ल्ले से जन्म प्रमाण पत्र जारी करने का काम भी शुरू कर दिया। पूनम गोले द्वारा जारी किया गया एक जन्म प्रमाण पत्र जब नगर निगम पहुंचा तो अधिकारियों की तंद्रा टूटी। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर अमरजीत सिंह साहनी तत्काल एक्शन में आ गए। उन्होंने शुक्रवार को मातहत अधिकारियों के साथ झोलाछाप महिला चिकित्सक के तथाकथित क्लीनिक पर छापा मारा। महिला को 24 घंटे के अंदर निगम कार्यालय पहुंचकर सभी संबंधित दस्तावेजों के साथ जवाब देने के लिए लिखित नोटिस दी गई। इसके साथ ही नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने महिला के मकान पर ताला जड़ दिया।

### गाइनेकोलॉजिस्ट का भी अक्सर ओढ लेती थी लबादा

काशीपुर। बीएससी नर्सिंग का कोर्स करके चिकित्सा पेशे में उतरने वाली पूनम गोले नामक महिला के बारे में पता चला है कि वह पूर्व में अलीगंज में अपनी क्लिनिक चलाया करती थी। यूपी तथा उत्तराखंड के कुछ अस्पतालों तथा झोलाछाप डॉक्टरों से उसके तार सीधे तौर पर जुड़े हुए हैं। निजी संपर्कों से भी वह डिलीवरी जैसे मामलों को अपने तथा कथित क्लिनिक तक लाती है। कुछ अस्पतालों में डिलीवरी कराने के नाम पर उसे एक गाइनेकोलॉजिस्ट की तरह पेश किया जाता है। सुरक्षा की लिहाज से देखा जाए तो यह बेहद गंभीर मामला है। एक मामूली दाई तथा गाइनेकोलॉजिस्ट में जमीन आसमान का फर्क है।




# प्रदेश में जी.ई.पी लागू होने से इकोलॉजी और इकोनॉमी के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित होगा

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को सचिवालय में पारिस्थितिकी को अर्थव्यवस्था से जोड़ने के लिए 'उत्तराखण्ड सकल पर्यावरण उत्पाद सूचकांक'(जी.ई.पी.) लांच किया। जी.ई.पी. का शुभारंभ करने वाला उत्तराखण्ड पहला राज्य है। उत्तराखण्ड सकल पर्यावरण उत्पाद सूचकांक का आंकलन 04 मुख्य घटकों जल, वायु, वन और मृदा के आधार पर किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जी.ई.पी के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक प्रकोष्ठ बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में जी.ई.पी लागू होने से इकोलॉजी और इकोनॉमी के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित होगा। इस सूचकांक के परिणामों के विश्लेषण से भविष्य में पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में लक्ष्य निधारित करने में मदद मिलेगी। पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में और जागरूकता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में प्रकृति प्रदत्त अनेक प्रकार की वन संपदा



हैं। आवश्यकता है इनके सदुपयोग की। हमें पौधरोपण के साथ जल स्रोतों के पुनर्जीवीकरण की दिशा में तेजी से आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड दुनिया को पर्यावरण के क्षेत्र में दिशा देने का कार्य करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल संरक्षण की दिशा में राज्य में तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। राज्य में अमृत सरोवरों की संख्या में तेजी से वृद्धि की जा रही है। जिलाधिकारियों, वन विभाग, सारा और अन्य कार्यदायी संस्थाओं को इनके संरक्षण और जल स्तर बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि 16 जुलाई से 15 अगस्त तक राज्य में वृहद स्तर पर पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत 01 लाख 64 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। हरेला पर्व के दिन 50 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया था। इस अवसर पर वन मंत्री श्री सुबोध उनियाल, हेस्को संस्था के प्रमुख पद्मभूषण डॉ. अनिल प्रकाश जोशी, उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण परिषद श्री विश्वास डाबर, मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव श्री आर. के सुधांशु, प्रमुख वन संरक्षक डॉ. धनंजय मोहन, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते, महानिदेशक यूकॉस्ट प्रो. दुर्गेश पंत एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# कृषि भूमि लीलकर नदी ने गांव की तरफ किया रुख

सितारगंज(उद संवाददाता)।कृषि भूमि का भू कटाव रोकने के लिए ग्रामीणों ने एसडीएम के माध्यम से डीएम को ज्ञापन प्रेषित किया है। ग्रामीणों का आरोप है कि नदी लगातार कटाव कर रही है। नदी की बाढ़ में सिंचाई विभाग की ठोकरे बह गई हैं। ग्राम पथरिया डोहरा के ग्रामीणों ने एसडीएम के माध्यम से डीएम को भेजे ज्ञापन में आरोप लगाया कि ग्राम पथरिया फार्म में कैलाश नदी लगातार कृषि भूमि का कटाव कर रही है। नदी की बाढ़ में सिंचाई विभाग की ठोकरे बह गई है। कृषि भूमि के कटाव के कारण गांव को भी खतरा हो गया है। ज्ञापन देने वालों में जिला पंचायत सदस्य वीर सिंह, अमरजीत सिंह, रजत, रवि, जसपाल सिंह, गुरमीत सिंह, हरमंत सिंह, लखवीर सिंह मौजूद थे।



# क्षेत्र में बेखौफ धधक रही जहरीली शराब की भट्ठियां

काशीपुर/जसपुर(उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी के द्वारा नशे के खिलाफ जिले भर में चलाया गया अभियान यहां काशीपुर में फिलहाल की फिसड्डी साबित हो रहा है।



जरायमपेशा कारोबारियों के हौसले यहां पूरी तरह बुलंद है। जसपुर काशीपुर के दर्जनों गांवों में अवैध कच्ची शराब का गैर कानूनी कारोबार कुटीर उद्योग के रूप में जड़ जमा चुका है। आबकारी ने जिम्मेदारियों से पूरी तरह पल्ला झाड़ लिया। सिविल पुलिस अक्सर कच्ची शराब से जुड़े कारोबारियों को पकड़ कर उनके खिलाफ कार्यवाही करती है लेकिन लचर कानून की बदौलत बड़ी ही आसानी से कच्ची शराब के कारोबारी कानून की फंद से छूट जाते हैं। जहरीली कच्ची शराब के सेवन से अब तक दर्जनों जिंदगियां मौत के मुंह में चली गई तो तमाम परिवार भुखमरी के कगार पर है लेकिन मजे की बात यह है कि आबकारी विभाग अथवा प्रशासन ने इस पर अंकुश लगाने के आज तक कोई सार्थक प्रयास नहीं किये। जानकार बताते हैं की कच्ची शराब के कारोबारी नशे की तीव्रता को बढ़ाने के लिए उसमें डायजेपाम कंपोज खेती में प्रयोग होने वाली खाद के अलावा नौसादर आदि का इस्तेमाल करते हैं जो स्वास्थ्य के लिए बेहद घातक है। कुंडेश्वरी क्षेत्र में कोसी नदी के तट से लगे जंगली इलाकों में अवैध कच्ची शराब की भट्ठियां बेखौफ धधकती है। इसी चौकी क्षेत्र का गांव रमपुरा जो अब नगर क्षेत्र की सीमा में आ गया है कच्ची शराब के लिए पूरी तरह बदनाम है। इस गांव में दर्जनों परिवारों की आजीविका कच्ची शराब पर आश्रित है। इसी तरह आईटीआई खाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव कनकपुर, खाई खेड़ा, वीरपुर कटैया, छोटी बरखेड़ी, बड़ी बरखेड़ी खड़कपुर देवीपुरा आदि गांव अवैध कच्ची शराब के लिए पूरी तरह कुख्यात है। ऐसे ही जसपुर थाना क्षेत्र के दर्जनों स्थानों पर आबकारी की कृपा पर अवैध कच्ची शराब का गैर कानूनी कारोबार खूब फलित हो रहा है। नाम में छापने की शर्त पर कच्ची शराब के कारोबारी ने बताया कि आबकारी गैरकानूनी काम के बदले में माहवार सुविधा शुल्क वसूल करती है। इसी तरह ग्राम गिन्नी खेड़ा निवासी एक कच्ची शराब से जुड़े कारोबारी में बताया कि पिछले कई वर्षों से वह आबकारी को महीना देता है। उसने यह भी बताया कि संबंधित चौकी का एक सिपाही भी कच्ची शराब बेचने के नाम पर उसे महीना वसूल करता है।

## खांईखेड़ा कटैया से पुलिस वसूल कर रही है हफ्ता!

काशीपुर। रिपोर्टिंग पुलिस चौकी पैगा में तैनात पुलिस कर्मी द्वारा कच्ची शराब के कारोबारियों से सुविधा शुल्क वसूल किए जाने की सूचना है। बताते हैं कि इस कांस्टेबल को कारखास का तमगा दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार पैगा पुलिस चौकी में लंबे समय से तैनात कांस्टेबल को कारखास बना दिया गया है। सूत्रों का कहना है कि यह पुलिसकर्मी ग्राम कटैया, खाई खेड़ा, कनकपुर, छोटी बरखेड़ी, बड़ी बरखेड़ी आदि गांवों में कच्ची शराब के गैर कानूनी कारोबार से जुड़े लोगों से सुविधा शुल्क के नाम पर मोटी रकम वसूल कर रहा है। जानकार बताते हैं कि थाना क्षेत्र के उपरोक्त गांवों में अवैध कच्ची शराब का गैरकानूनी कारोबार कुटीर उद्योग के रूप में जड़ जमा चुका है। उपरोक्त गांव के सैकड़ो परिवारों का भरण पोषण अवैध कच्ची शराब पर आश्रित है। सूत्रों का यह भी कहना है कि पुलिसकर्मी क्षेत्र में गैर कानूनी ढंग से आबाद शराब के अड्डों को संरक्षण देने के अलावा अपराधियों तथा जरायमपेशा लोगों से सांठगांठ बनाए है।


विघ्नेश्वराय वरदाय सुरप्रियाय लम्बोदराय सकलाय जगद्धिताय ।
नागाननाय श्रुतियज्ञविभूषिताय गौरीसुताय गणनाथ नमो नमस्ते ।।
हमारे यहां कुंडली बनाने व दिखवाने एवं वैदिक ब्राह्मणों द्वारा रुद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ
महामृत्युंजय जप, ग्रह शांति, शतचंडी
यज्ञ एवं समस्त यज्ञ जप इत्यादि
समस्याओं का समाधान के लिये संपर्क करें :
आचार्य गोपाल शास्त्री जी : 7248133444


## जनप्रतिनिधि और जनता की बात सुनने के लिए बैठे हैं अधिकारी : विस अध्यक्ष

हल्द्वानी। विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूरी ने शुक्रवार को हल्द्वानी पहुंचकर काठगोदाम स्थित शीतला मंदिर में पूजा अर्चना कर पौधारोपण किया. इस दौरान वह अधिकारियों द्वारा जनप्रतिनिधियों को नजरअंदाज करने पर नाराज नजर आई। मीडिया से बातचीत में विधानसभा अध्यक्ष ऋतू खंडूरी ने कहा कि विधानसभा से भी अधिकारियों को पूर्व में निर्देश जारी किए गए थे कि सांसद और विधायक से लेकर ग्राम प्रधान तक सभी का सम्मान किया जाए। लेकिन अधिकारी इन बातों को नहीं सुन रहे हैं। ऋतू खंडूरी ने कहा कि जनप्रतिनिधि और जनता की बात सुनने के लिए ही अधिकारी बैठे हैं।जनप्रतिनिधि जनहित के मुद्दों को लेकर अधिकारियों के पास आते हैं। ऐसे में उनकी समस्याओं को सुनकर सरलता से उनका समाधान करना चाहिए।


**आवश्यकता है**

अकाउंटेंट टेली– 3 वर्ष का अनुभव
फील्ड ऑफिसर– 3 वर्ष का अनुभव
रिसेप्शनिस्ट– 2 वर्ष का अनुभव
सुपरवाइजर– 3 वर्ष का अनुभव
माली– 3 वर्ष का अनुभव
चपरासी

Mail yr bio data on
Aalishan.uk@gmail.com
–संपर्क करें–
मो.9568300015,17



क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें–
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षों का अनुभवः–
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री–पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी । डी 2 सिविल लाईन, रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड


# प्रगतिशील कालोनी के पार्क में भाजपाईयों ने किया पौधारोपण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी लामाचौड़ मंडल के शक्ति केंद्र भगवानपुर तल्ला स्थित प्रगतिशील कालोनी नियर प्राइमरी स्कूल के पास पार्क में एक वृक्ष माँ के नाम योजना के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंम भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन अजय कुमार द्वारा पौधरोपण कर किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज पूरा विश्व पर्यावरण कि समस्या से जूझ रहा है और विकास की आंधी में जंगल कम हो रहे है। आज हम सब को धरा को संरक्षित कर अधिक से अधिक पौधे लगाने होंगे। पर्यावरण संरक्षण के लिये प्रत्येक भाजपा कार्यकर्त्ता एक वृक्ष माँ के नाम लगाकर उसको संरक्षित भी करेगा। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि





उत्तराखंड प्राचीन काल से ही पर्यावरण संरक्षण के लिये कार्य कर रहा है और प्रतिवर्ष हरेला पर्व के रूप में पौधरोपण किया जाता है। इस वर्ष सभी को एक वृक्ष माँ के नाम लगाने को प्रेरित किया जायेगा। कार्यक्रम में विभिन्न फलदार पौधे लगाये गये। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने कहा हमें संकल्प लेना होगा हर व्यक्ति हर कार्यकर्ता एक पेड़ अवश्य लगाए। हम पर्यावरण को शुद्ध करे, हमारी धरा हरी भरी रहे और हम अपने बच्चों को भी इस ओर प्रेरित करें जिससे आगे आने वाली पीढ़ी भीजागरूक होकर यह क्रम लगातार चलता रहे। प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह बिष्ट,ने कहा हरेला पर्व हमारी संस्कृति से जुड़ा है हमारे पूर्वजों से यह परिपाटी चली आ रही है हमें और हमारे संगठन को मजबूती से इस कार्यक्रम को बढ़ाते हुए समाज को जागरूक करना है। जो हमारे पर्यावरण को लिए अति महत्वपूर्ण है। हमारे हर कार्यकर्ता एक पेड़ अवश्य लगाएं। कार्यक्रम में मंडी परिषद अध्यक्ष अनिल कपूर डब्बू प्रदेश सह कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, जिला महामंत्री रंजन बर्गली, नवीन भट्ट जिला उपाध्यक्ष प्रतिभा जोशी, लाखन निकलटिया, जिला मीडिया प्रभारी भुवन भट्ट, दिनेश खुल्वे, धीरज पाण्डेय, सुरेश गौड़कमल नयन जोशी, शशांक रावत, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कार्तिक हरबोला, मोहन पाठक, मोहन पाल, महेश शर्मा, महबूब अली प्रदीप जनौटी आदि मौजूद रहे।कार्यक्रम का समापन मंडल अध्यक्ष धीरज पाण्डे ने किया। भारतीय जनता पार्टी संगठन के द्वारा ग्रामीण जनता व कार्यकर्ताओं को सैकड़ों फलदार पौधे वितरित किए गए।

## मधुवन क्लस्टर व दीदी संकल्प सेवा समिति ने बांटे पौधे

बाजपुर (उद संवाददाता)। मधुबन क्लस्टर बरहनी में हरेला पखवाडे के तहत एक पेड़ मां के नाम पौधा वितरण समारोह मधुवन सीएलएफ व दीदी संकल्प सेवा समिति के माध्यम से आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उप जिलाधिकारी अमरूद, नींबू के पौधे वितरित किए गए। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ उप जिलाधिकारी ने वृक्षारोपण किया। उन्होंने कहा बदलते जलवायु परिवर्तन को देखते हुए सभी को पेड़ लगाने चाहिए। क्योंकि पेड़ के बिना जीवन संभव नहीं होता है। वृक्षारोपण अनेक उपकार करती है। इस मौके पर मधुबन क्लस्टर की अध्यक्ष उमा जोशी ने कहा एक पेड़ मां के नाम अभियान हमें यह अवसर देता है कि हम प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियां को समझें और साथ ही पुरातन परंपरा को भी देखा जाए तो वृक्ष हमेशा पूज्य रहे हैं और हमें जीवन जीने के लिए अति आवश्यक आक्सीजन प्रदान करते हैं। इस मौके पर हम सभी को आगे आकर एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल का संकल्प लेना चाहिए। इस मौके पर एबीडीओ पंत जी, सहायक सेल्स अधिकारी



बाजपुर राकेश चंद तिवारी एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर एपीडी सहायक परियोजना अधिकारी श्रीमती संगीता आर्य उपस्थित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता मधुबन क्लस्टर की अध्यक्ष सुश्री उमा जोशी द्वारा की गई। कार्यक्रम में 500 फलदार पौधों का वितरण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से आम, पर्यावरण के संतुलन को बनाकर रखता है। सहायक परियोजना अधिकारी संगीता आर्य ने कहा प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए अपने आसपास के पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़ पौधे लगाना जरूरी है। सभी पेड़ पौधों के माध्यम से प्रकृति सभी प्राणियों पर शुद्ध जलवायु बनाकर दीपक गोसाई, उद्यान से केएल सागर, एडीओ पंचायत श्री ग्वाल, ग्राम विकास अधिकारी सुमित, उमेश, रिजवान अली, सुनील ऊंचाकोटी, आरबीआई से अवस्थी और सभी आईपीआर, बैंक सखी, रीप स्टाफ तथा एक्टिव वूमेन सहित समूह की महिलाएं गीता , हरविंदर, संदीप, उर्मिला, विमला आदि उपस्थिति रही।

## दो दिवसीय बालिका मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति प्रतियोगिता का आयोजन

नानकमत्ता(उद संवाददाता)।दो दिवसीय नगर पंचायत एवं न्याय पंचायत स्तरीय मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति प्रतियोगिताओं के बालिका वर्ग की प्रतियोगिताओं का आयोजन पुष्पा प्रियंका सरस्वती विद्या मंदिर नानकमत्ता में किया गया।प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह जलाल, संकुल प्रभारी जसौद मेहता , गुरु नानक बालिका इंटर कॉलेज की व्यायाम शिक्षिका लीला रौतेला एवं सूरज सक्सैना पूर्व अध्यक्ष शिक्षक द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा पर द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक नेता खिलानंद अटवाल द्वारा किया गया। बालिका वर्ग में 30 मी फ्लाइंग दौड़, मेडिसिन बॉल थ्रो, फारवर्ड बैंड रिच,6 गुणा10शटल रन, स्टैंडिंग ब्रॉड जंप आदि प्रतियोगिताएं संपन्न कराई गई। संकुल प्रभारी जसौद मेहता द्वारा बताया गया कि न्याय पंचायत एवं नगर पंचायत में सफल होने वाले प्रथम तीन स्थान प्राप्त खिलाड़ी विकासखंड स्तर पर 22 एवं 23 जुलाई को राजकीय इंटर कॉलेज शक्ति फार्म में प्रतिभाग करेंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह जलाल ने प्रतिभागी खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करते हुए देश का नाम रोशन करने वाले प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का उदाहरण देकर मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे खिलानंद अटवाल प्रधानाध्यापक राजकीय प्राथमिक विद्यालय बंगाली कॉलोनी नानकमत्ता द्वारा सभी प्रतिभागी बालिकाओं को देश का भविष्य बताते हुए प्रतिस्पर्धा की भावना से खेल कर आदर्श प्रस्तुत करना है। संकुल प्रभारी जसौद मेहता द्वारा सुंदर व्यवस्था हेतु विद्यालय के प्रधानाचार्य का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए व प्रतियोगिताओं को संपन्न करने के लिए नियुक्त समस्त शिक्षकों व ट्रक निर्माण में विषेश योगदान के लिए वीरेन्द्र सिंह को धन्यवाद दिया।प्रतियोगिताओं को संपन्न कराने हेतु लेखाप्रमुख के रूप में निमाई चंद्र माझी, वीरेंद्र सिंह,शिव सिंह बिष्ट, पुष्पेंद्र कटियार, नवीन शर्मा, ,किशन चंद, श्वेता भट्ट, लीला रौतेला, , भावना राना,जितेन्द्र राना, अभिषेक चौहान, खजान सिंह निर्मल सिंह , विशाल राना, आयुष मेहता नीलम रानी , रामरूप सिंह आदि उपस्थित रहे।



# मैं क्यों चाहूं किसी को, मैं तो काम चाह रहा हूं

## सभी योजनाओं पर कार्यों को गम्भीरता और त्वरित गति से करें अधिकारी : अजय भट्ट

- सांसद अजय भट्ट के सामने ही चलती रही विधायक मोहन बिष्ट और डीएम वंदना की बहस
- गौला नदी में चैनलाइजेशन का काम सिंचाई विभाग को देने लेकर डीएम ने भी सुना दी खरीखरी




हल्द्वानी। हल्द्वानी सर्किट हाउस में शुक्रवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में भाजपा विधायक मोहन सिंह बिष्ट और डीएम वंदना के बीच हुई बहस को मामला सुर्खियों में छाया हुआ है। बताया जा रहा है कि गौला नदी में चैनलाइजेशन का काम सिंचाई विभाग को देने पर लालकुआं विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट की ओर से आपत्ति जताने पर डीएम ने भी विधायक को खरीखरी सुना दी। डीएम ने कहा कि आप ही जहां से कहेंगे वहीं से काम करा देंगे। डीएम ने बस इतना ही था फिर विधायक भी कहां पीछे हटते, उन्होंने कहा कि मैं क्यों चाहूं किसी को, मैं तो काम चाह रहा हूं। इस पर डीएम बोलीं, आप आरोप लगा रहे हैं। विधायक बोले, मैं आप पर बिल्कुल आरोप नहीं लगा रहा हूं। इसी बात को लेकर दोनों के बीच बहस होने लगी। खास बात यह रही कि विधायक और डीएम की यह नोकझोंक तब हो रही थी जब सांसद अजय भट्ट दोनों के बीच में बैठकर कोई पर्चा पढ़ रहे थे। उनके बायीं ओर डीएम वंदना सिंह थीं और दाहिनी तरफ विधायक बिष्ट। हांलाकि बैठक के बीच मामला जब ज्यादा ही बढ़ने लगा तो सांसद ने हस्तक्षेप किया जिसके बाद दोनों की बहस पर विराम लगाया। सांसद अजय भटट की अध्यक्षता में शुक्रवार को सर्किट हाउस काठगोदाम में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सम्पन्न हुई। सांसद ने बैठक में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के साथ ही जनपद में बाढ़, जलभराव एवं आपदा राहत कार्यों की जानकारी ली। बैठक में श्री भटट ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं पर अधिकारी कार्यों को गम्भीरता से लेते हुये त्वरित गति से करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा आम जनता के लिए जो भी प्रोजेक्ट बनाये जाते है उनमें जनप्रतिनिधियों को सूचना भी अवश्य दी जाए। बैठक में सक्षम अधिकारी के अनुपस्थित रहने पर सांसद श्री भटट ने नाराजगी व्यक्त की और अनुपस्थित अधिकारियों के स्पष्टीकरण मांगने के निर्देश जिलाधिकारी को दिये। उन्हांने कहा जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी जनता की समस्याओं संज्ञान ले एवं त्वरित गति से निदान करें। उन्होंने कहा इसी सामंजस्य के लिए जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) का नाम रखा गया है। उन्होंने कहा कुछ अधिकारी कार्यों मे ढिलाई के साथ ही गलत सूचनायें दे रहे है उनके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जायेगी। श्री भटट ने जनपद में जलजीवन मिशन के कार्यों पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जेजेएम के तहत पाईप लाइन बिछा दी गई लेकिन सडक पर गडडे भरे नही गये है जिससे बडी दुर्घटना हो सकती है। उन्होने कहा पाईप लाईन बिछाने से पूर्व टैंक निर्माण किया जाए। सचिव/ जिलाधिकारी वंदना ने अधिशासी अभियंता जलसंस्थान/जलनिगम को शीघ्र अनापत्ति प्रमाण पत्र देने के निर्देश दिये ताकि लोनिवि द्वारा सडक कार्य को पूर्ण किया जा सके। जिस पर अधिशासी अभियंता जेजेएम लालकुआं ने बताया कि 16 सडकों का अनापत्ति प्रमाण पत्र तथा ईई ने बताया कि हल्द्वानी की 10 सडकां का प्रमाण पत्र तीन दिनों के भीतर दे दिया जायेगा साथ ही जिन स्थानों पर कार्य पूर्ण होगा उन सडकों का भी प्रमाण पत्र ससमय दे दिया जायेगा। श्री भटट ने सुशीला तिवारी चिकित्सालय में कैथलैब के निर्माण कार्य में विलम्ब होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्हांने कहा कि कुमाऊं का प्रथम चिकित्यालय है हार्ट सर्जरी के लिए कैथलैब का निर्माण मण्डी समिति द्वारा किया जाना है लेकिन कार्यदायी संस्था मण्डी समिति द्वारा किये गये कार्यां पर उन्हेंने असंतोष व्यक्त किया। जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यदायी संस्था के द्वारा ससमय कार्य नही किया जा है तो शासन स्तर से कार्यवाही की जायेगी। जनप्रतिनिधियों द्वारा बताया कि पतलोट डिग्री कालेज का भवन इसी वर्ष बना है लेकिन भवन की छत से पानी आ रहा है जिससे बच्चे को पठन–पाठन में परेशानी हो रही है। जिस पर सचिव/जिलाधिकारी ने डिग्री कालेज मे लीकेज होने की समस्या पर तकनीकी समिति का गठन कर जांच के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में आपदा के दौरान जिन परिवारों में जनहानि हुई उन परिवारों को चौक के माध्यम से धनराशि उपलब्ध करा दी गई है। उन्होंने कहा आपदा के कारण जनपद में जिन क्षेत्रों में भवन, सडक,पेयजल व विद्युत लाईन आदि क्षतिग्रस्त हो गई है आपदा मद से शीघ्र धनराशि आवंटित कर कार्य को पूर्ण किया जा रहा है ताकि आम जनमानस को कोई परेशानी ना हो। बैठक में सांसद श्री भटट द्वारा दीन दयाल उपाध्याय योजना,प्रधानमंत्री आवास,जल जीवन मिशन,प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, समग्र शिक्षा, मिड डे मील,प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, कौशल विकास, प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना, राष्टीय खाद्य सुरक्षा आदि केन्द्र सरकार द्वारा संचालित आदि योजनाओं के बारे में अधिकारियों से विस्तृत प्रगति रिपोर्ट की जानकारी ली। बैठक में अध्यक्ष जिला पंचायत बेला तोलिया, विधायक डा0 मोहन सिह बिष्ट,सरिता आर्या,ब्लाक प्रमुख डा0 हरीश बिष्ट,कमलेश कैडा, रेखा रावत, रवि कन्याल,रूपा देवी, विधायक प्रतिनिधि विकास भगत, जीवन सिंह कार्की, ज्येष्ठ प्रमुख आनंद दरम्वाल, सदस्य दिशा देवेन्द्र सिह बिष्ट के साथ ही मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पाण्डे, डीएफओ सीएस जोशी, मुख्य चिकित्साधिकारी श्वेता भण्डारी, आरटीओ नन्द किशोर, एसपी सिटी प्रकाश चन्द्र के साथ ही लोनिवि, पीएम जीएसवाई, विद्युत, जलसंस्थान/ जल निगम, वन आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## चोरी का खुलासा करने पर पुलिस टीम सम्मानित

गदरपुर(उद संवाददाता)। नगर में कुछ दिन पूर्व बुधबाजार स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर में अज्ञात चोरों द्वारा एक बड़ी चोरी को अंजाम दिया गया था जिसमे मंदिर में भगवान के मुकुट बांसुरी व छत्र आदि को चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया। जिसको लेकर थानाध्यक्ष जसवीर चौहान ने तत्परता के साथ दिल्ली से चोरों को पकड़कर सलाखों के पीछे भेजने का काम किया है जिसको लेकर सनातन धर्म मंदिर सभा द्वारा थानाध्यक्ष जसवीर चौहान सहित उनकी पूरी पुलिस टीम को बधाई दी एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मंदिर सभा द्वारा कहा की उन्हें थानाध्यक्ष जसवीर चौहान की कार्यशैली पर पूरा भरोसा था कि वह जल्द ही इतनी बड़ी चोरी का खुलासा करेंगे। वहीं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी ने पूरी टीम को बधाई दी है। सम्मानित किये जाने वालों में थाना अध्यक्ष जसवीर चौहान, मुकेश मिश्रा, बसंत कुमार, इरशाद उल्लाह, दर्शन सिं बलवंत सिंह,एस ओ जी एस आई प्रकाश चंद, हेड कांस्टेबल विनय कुमार, कांस्टेबल प्रवीण गोस्वामी, प्रदीप कुमार, कुलदीप सिंह, एस पी ओ रवि कुमार शामिल रहे। वहीं इस दौरान संरक्षक हरीचंद छाबड़ा व धरमचंद खेड़ा, अध्यक्ष वेदराज बजाज, महामंत्री राजकुमार सिंधी, अशोक हुड़िया, राजकुमार,भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना पंजाबी महासभा अध्यक्ष कृष्णलाल सुधा, महामंत्री संजीव झाम, व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड़, महामंत्री संदीप चावला, कोषाध्यक्ष राहुल अनेजा, राजन शर्मा, रविंद्र बजाज, विजय सुखीजा, जगमोहन बजाज, अजय खेड़ा, लेखराज नागपाल, राजकुमार झाम, सीताराम चौहान, कृष्णलाल बत्रा, दर्शन सिंह नेगी, सोमनाथ छाबड़ा, मयंक चुघ, अरुण बजाज, विजय शास्त्री, विजय अनेजा, रोबिन फुटेला साहित आदि मौजूद रहे।



## विधायक ने बांटे आर्थिक सहायता के चेक

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने अपने कैम्प कार्यालय पर जरूरतमंदों को मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता चेक वितरित किये। इससे पहले भी विधायक शिव अरोरा ने विधानसभा रुद्रपुर क्षेत्र के गरीब निर्धन लोगो को समय समय पर चेक बाटते आ रहे हैं । एक बार फिर विधायक शिव अरोरा ने गरीब जरूरतमंदों को अपने कैम्प कार्यालय पर बीमारी के इलाज, कन्या विवाह के लिए आर्थिक सहायता चेक वितरित किये। चेक प्राप्त करने वालों में ग्रामीण क्षेत्र से सुंदरपुर, किरतपुर, बागवाला, शिवपुर, सम्पतपुर, बरिराई व शहरी क्षेत्र मे रमपुरा, खेड़ा, फाजलपुर महरौला, भूतबंगला, आदर्श इंद्रा बंगाली कॉलोनी, सुभाष कॉलोनी, शिव नगर, रेशमबाड़ी क्षेत्र के लोग लाभान्वित हुए। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने कहा कि रुद्रपुर विधानसभा मे लगातार गरीब आर्थिक रुप से कमजोर व्यक्ति की सहयतार्थ लगातार वह मुख्यमंत्री राहत कोष से लोगो की मदद कर रहे हैं ।उनका प्रयास है कि हर जरूरतमंद तक इसका लाभ पहुँचे, इसके चलते उन्होंने 50 लोगों को आर्थिक सहायता चेक बाटे हैं। आगे भी अलग अलग क्षेत्रों के लोगो को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि धामी सरकार गरीब की चिंता करने वाली सरकार है। सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर बैठे हर व्यक्ति तक पहुँचे यह हमारा प्रयास है। इस दौरान महामंत्री राधेश शर्मा, सुनील ठुकराल, निवर्तमान पार्षद सुशील यादव, मदन दिवाकर, डंम्पी चोपडा, महेंद्री शर्मा, राजेंद्र राठौर व अन्य लोग मौजूद रहे।



## क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक में उठे कई मुद्दे

गदरपुर(उद संवाददाता)। पूर्व निधारित कार्यक्रम के अनुसार विकास खण्ड सभागार मे क्षेत्र पंचायत समिति गदरपुर की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता श्रीमती पूनम रानी, प्रमुख क्षेत्र पंचायत गदरपुर के द्वारा की गयी। बैठक में विभिन्न विभागो के अधिकारीगण / कार्मिक गण तथा सम्मानित क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं प्रधानगणों द्वारा प्रतिभाग किया गया। नवागत खण्ड विकास अधिकारी श्रीमती अतिया परवेज का पुष्प गुच्छा देकर स्वागत किया गया तथा प्रमुख क्षेत्र पंचायत गदरपुर की अनुमति से सदन की कार्यवाही आरम्भ की गयी। सम्मानित सदस्यों को विभागवार योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी तथा उनकी समस्याओं को सुना गया । मोतियापुर क्षेत्र पंचायत सदस्य सलविन्दर सिंह कलसी, ग्राम प्रधान कोपा मनोज देवराड़ी ने सिंचाई नहरों की सफाई तथा जर्जर विद्युत लाईनों के सुधार हेतु मांग की। जनपद स्तर से उपस्थित नोडल अधिकारी मुख्य उद्यान अधिकारी श्रीमती भावना जोशी तथा जिला पंचायत राज अधिकारी/उपजिलाधिकारी गदरपुर श्री गौरव पाण्डेय ने अधिकारियों को जनसमस्याओं के त्वरित निदान करने के निर्देश दिये गये। जनप्रतिनिधियो में प्रमुख रूप से उप प्रमुख टिप्सन नरूला,क्षेत्र पंचायत सदस्य सुरबाला मंडल, सलविंदर सिंह कलसी,कौशल विश्वास,मीरा मल्लिक, सुनील मंडल,कु० मंगोला, महेश प्रसाद ,ग्राम प्रधान मनोज देवराड़ी, विकास सरकार, सुन्दर गिरी तथा अधिकारियों में, खण्ड शिक्षाधिकारी,सावेद आलम, पशुचिकित्साधिकारी डॉ रवि शंकर झा,बाल विकास परियोजना अधिकारी श्रीमती बीना भंडारी ज्येष्ठ उद्यान निरीक्षक सुभाष रयाल, सहायक अभियंता लघु सिंचाई टिंकू सिंह, सहायक प्रबंधक उघोग सुश्री पिंकी मेहता, सहायक खण्ड विकास अधिकारी शेखर जोशी, सहायक विकास अधिकारी राजपाल सिंह चौहान, लेखाकार मदन सिंह सैनी,प्रधान सहायक आनन्द सिंह बिष्ट,कनिष्ठ सहायक सुमित उपाध्याय,मनरेगा कनिष्ठ अभियंता विश्वजीत,शिखर ओझा, ग्राम विकास अधिकारी प्रकाश चन्द्र जोशी,मुदस्सिर अहमद,सुधेन्दु विकास सरकार, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी पूनम पनेरू,पार्वती चंद्र एनआरएलएम का समस्त स्टाफ दीपक असगोला,गुंजन चौहान, मनरेगा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री अमित मेहरा,उपकार्यक्रम अधिकारी मनरेगा द्वारा किया गया। अन्त में खण्ड विकास अधिकारी अतिया परवेज ने सभी समस्याओं / सुझावों को निश्चित समय पर सर्म्बंधित विभागों को प्रेषित करने एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित करते हुए सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।




## गरीबों के उत्पीड़न के खिलाफ बुलंद होगी आवाज

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। भाईचारा एकता मंच के कैंप कार्यालय ट्रांजिट कैंप में आयोजित हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि किसी भी गरीब या कमजोर व्यक्ति का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पूंजीपति लोगों को सड़क पर उतर कर जवाब दिया जाएगा। कैंप कार्यालय में आयोजित बैठक में पहुंचे संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष के पी गंगवार ने कहा कि शहर व आसपास के क्षेत्र के कुछ पूंजीपति पैसे वाले लोग गरीबों का निरंतर उत्पीड़न करते रहते हैं जो किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा गरीबों का उत्पीड़न करने वाले पूंजीपति व पैसे वाले लोगों को सड़क



पर उतरकर मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा। संगठन के केंद्रीय कोषाध्यक्ष स्वामी आधार श्रीवास्तव ने कहा कि भाईचारा एकता मंच गरीब, कमजोर ब मजलूमों का संगठन है और हम सभी गरीब आपस में परिवार की तरह एक दूसरे के साथ हैं और हर लड़ाई में एक दूसरे के साथ रहेंगे बैठक में मुख्य रूप से संगठन की जिला अध्यक्ष ममता श्रीवास्तव,महानगर अध्यक्ष आरती मौर्य, ट्रांजिट कैंप की कार्यालय प्रभारी बबीता मंडल, संजू सरकार, रत्ना राय, कल्पना राय, पूनम मंडल, पूर्णिमा, मनीष मंडल, व्यूटी राय,जीत मंडल,चंदना सहित संगठन के दर्जनों पदाधिकारी व सदस्य रहे।

# गडरिया बाग में विस्थापित होंगे 213 परिवार

## कमिश्नर ने चिन्हित भूमि का किया निरीक्षण

किच्छा (उद संवाददाता)। जमरानी बांध प्रभावित जिन परिवारों की भूमि बांध में आ रही है उन्हें परागफार्म गडरिया बाग किच्छा में भूमि देने हेतु चिन्हित की गयी भूमि का मण्डलायुक्त दीपक रावत ने स्थलीय निरीक्षण किया। मण्डलायुक्त ने कहा कि जमरानी बांध में जिनकी भूमि, घर आ रहे हैं ऐसे 213 परिवारों को गडरिया बाग में प्रति परिवार 1 एकड़ कृषि भूमि तथा 200 वर्ग मीटर आवास हेतु भूमि दी जाएगी, जिसके लिए गडरिया बाग में 300 एकड़ भूमि सिंचाई विभाग को हस्तांतरित कर दी गयी है। मण्डलायुक्त को अधिशासी अभियंता सिंचाई ललित कुमार ने बताया कि 300 एकड़ भूमि सिंचाई विभाग को हस्तगत कर दी गयी है जिसको डेवेलप करने के लिए वेबकॉस द्वारा डीपीआर बनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि गडरिया बाग में जमरानी बांध विस्थापितों के लिए 73 एकड़ भूमि सड़कें, चिकित्सालय, विद्यालय, आंगनबाडी व अन्य मूलभूत सुविधाएं विकसित की जाएंगी। जिस पर मण्डलायुक्त ने अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग को टेंडर कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, अधिशासी अभियंता सिंचाई ललित कुमार, तहसीलदार गिरीश चन्द्र आदि मौजूद थे।इसके उपरांत मण्डलायुक्त ने खुरपिया फार्म में निर्माणाधीन एम्स सैटेलाइट सेंटर का स्थलीय निरीक्षण किया , निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यदायी संस्था नागार्जुन कंस्ट्रक्शन कंपनी एवं सीपीडब्लूडी के इंजीनियरों से जानकारी ली व आ रही समस्याओं को जाना। जिस पर कार्यदायी संस्थाओं द्वारा अवगत कराया गया कि एम्स का चाहरदीवारी का कार्य किया जा रहा है साथ ही पाईल्स नैलिंग कार्य भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन अथॉरिटी के मानकों के अनुसार 100 एकड़ भूमि में 351 करोड़ की लागत से 280 बैड का प्री-फैब्रिकेटेड चिकित्सालय बनाया जाएगा, जिसमें अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित आईसीयू, ओपीडी, आईपीडी, नर्सिंग हॉस्टल, आवासीय भवन भी बनायें जाएंगे। मण्डलायुक्त ने एम्स के चाहरदीवारी के साथ ही सड़क किनारों में पौधारोपण कराने के साथ ही उचित ड्रेनैज व्यवस्था करने का भी सुझाव दिया। चीफ इंजी. चन्द्रपाल के द्वारा पीपीटी के माध्यम से एम्स के कंस्ट्रक्शन की जानकारी दी। मण्डलायुक्त द्वारा एम्स परिसर में पौधारोपण भी किया गया। निरीक्षण दौरान उपजिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, चीफ इंजी. चन्द्रपाल, एजीक्यूटिव इंजी कौशल सिंह, एनसीसी के जीएम शंकर बोलु, सहायक अभियंता सीपी डब्लूडी उपेन्द्र सिंह आदि उपस्थित थे।




# पलक खुराना ने सीए बनकर किया नाम रोशन

गदरपुर(उद संवाददाता)। आवास विकास वार्ड नंबर 6 निवासी पलक खुराना पुत्री अंजू खुराना ने सी ए की परीक्षा पास कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बता दें पलक खुराना की मां आवास विकास में आंगनबाड़ी केंद्र चलाती है। उनकी दो बेटियां हैं बड़ी बेटी पलक खुराना और छोटी यशिका खुराना है। पलक खुराना ने अपनी शुरुआती पढ़ाई गदरपुर के एस एस पब्लिक स्कूल से की जिसके बाद बाकी पढ़ाई दिल्ली के दयाल सिंह कॉलेज में की पलक के पिता का वर्ष 2008 में एक रोड एक्सीडेंट में देहांत हो गया था। घर की जिम्मेदारियां निभाते हुए बड़े संघर्ष करते करते हुए पलक ने सी ए के पेपर दिए।पलक खुराना ने बताया कि जब रिजल्ट आया तो मेरी खुशी का ठिकाना नहीं रहा वह तुरंत यह खुशखबरी मां को देने गई मां को जैसे ही पता चला कि मेरी बेटी सी ए बन गई है तो उनकी खुशी का ठिकाना ना रहा और आंखों से आंसू बहने लगे। उन्होंने बेटी को गले लगा लिया। सीए बनने के बाद पलक खुराना के निवास पर गदरपुर के तमाम राजनीतिक और सामाजिक संगठन के लोग उन्हें बधाई देने पहुंच रहे हैं इसी क्रम में कांग्रेस के नगर अध्यक्ष सिद्धार्थ भुसरी, पारस धवन गीता पपोला भी उनके निवास पर पहुंचे वह पलक खुराना के उज्जवल भविष्य की कामना की और उन्हें बधाई दी।



# पूर्व सैनिकों के परिजनों की समस्याओं का किया समाधान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ब्लॉक खटीमा के झनकट गांव के पंचायत भवन में पूर्व सैनिकों, वीरनारियों एवं उनके आश्रितों के कल्याणार्थ मासिक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 65 से 70 पूर्व सैनिक वीरनारी एवं आश्रितों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। सैनिक कल्याण अधिकारी ने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई तथा पूर्व सैनिकों एवं



वीरनारियों के परिचय पत्र , पेंशन सम्बन्धी प्रपत्रों की जांच भाग दो आदेश, रिलेशन सर्टिफिकेट एवं गृह पता बदली सम्बन्धी कार्यों का सम्पादन किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य समस्याओं का शिविर स्थल पर ही समाधान किया गया। शिविर में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल चंद्र बहादुर पुन, सहायक अधिकारी आनन्द गिरि, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी महेश चंद्र भट्ट, हवलदार अजय कुमार गुप्ता, नायक सुदर्शन बोरा, ब्लॉक प्रतिनिधी के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# कमिश्नर ने एसडीएम कार्यालय और तहसील का किया निरीक्षण

किच्छा(उद संवाददाता)। मण्डलायुक्त दीपक रावत ने उपजिलाधि कारी कार्यालय व तहसील किच्छा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त ने उपजिलाधिकारी न्यायालय में वादों की जानकारी लेते हुए पुराने वादों को त्वरित तारीखें लगाकर निस्तारित करने के निर्देश दिए। मण्डल अरयुक्त ने उपजिलाधिकारी न्यायालय वाद पंजिकाओं का परीक्षण किया तथा पंजिकाओं का उचित रख रखाव के निर्देश दिए। उन्होंने वाद पंजिकाओं की तारीखवार सूची बनाने के साथ ही वादों के तारीख व सुनवाई को ऑनलाइन अपडेट कराने के निर्देश उपजिलाधिकारी को दिए। उन्होंने तहसील के निरीक्षण के दौरान भूलेख, नाजरात, रिकॉर्ड रूम के साथ ही 143 के मामले व 41 के मामलों की जानकारी ली। उन्होंने राजस्व वसूली में मुख्य देयक व विभिन्न देयकों की जानकारी ली व पंजिकाओं का निरीक्षण कर राजस्व वसूली के लक्ष्य को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी ने बताया कि प्रत्येक सप्ताहके मंगलवार को राजस्व व फौजदारी तथा शनिवार को आरबीओ एक्ट की कोर्ट निर्धारित है। उन्होंने बताया कि न्यायालय में 92 वाद पंजीकृत है तथा सबसे पुराने 3 मामलें है। उन्होंने बताया कि 29 मामलों का निस्तारण किया गया। मण्डलायुक्त ने तहसील के कार्यों में संतोष व्यक्त किया। इसके उपरांत आयुक्त नगर पालिका परिषद किच्छा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रशासक नगर पालिका/उपजिला अधिकारी ने बताया कि पालिका में 20 वार्ड है तथा सफाई हेतु 131 पर्यावरण मित्र तैनात हैं। 2011 कि जनगणना के अनुसार 74 हजार जनसंख्या व 14 हजार घर पालिका क्षेत्र में है। पालिका में 37 स्थाई व अस्थाई कर्मचारी तैनात थे। सभी को समय से वेतन भुगतान किया जा रहा है। मण्डलायुक्त द्वारा पूछे जाने पर अधिशासी अधिकारी ने अवगत कराया है कि पालिका क्षेत्र में 7 हजार स्ट्रीट लाइट लगाई गई है जिस पर मण्डलायुक्त ने उपजिलाधिकारी व अधिशासी अधिकारी को रात में लाइटों का निरीक्षण कर खराब लाइटों को तुरंत बदलने के निर्देश दिए। उन्होंने घर-घर कूड़ा उठान के साथ ही कूड़े का पृथकीकरण करने के निर्देश दिए व पार्कों की देखरेख भी करने को कहा। मण्डलायुक्त ने पालिका द्वारा किये गए निर्माण कार्यों की भी जानकारी ली। उन्होंने जनसमस्याएं सुनी व बण्डिया के व्यापारियों व पर्यावरण मित्रों ने मण्डलायुक्त को ज्ञापन भी दिया।




# धरती मां की रक्षा नहीं की तो जीवन व्यर्थ:खण्डूड़ी

## विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी ने पूजा अर्चना कर लगाए पौधे

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जनपद नैनीताल भ्रमण पर पहुंची विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने रानीबाग स्थित शीतलामाता मन्दिर में पूजा अर्चना की। फिर शीतला माता मंदिर परिसर के निकट स्थित पार्क में हरेला लोकपर्व के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम थीम के तहत वृक्षारोपण किया।उत्तराखंड में पौराणिक लोकपर्व हरेला धूमधाम से मनाया जा रहा है। हाइडिल गेट के निकट हरेला लोकपर्व के उपलक्ष्य में गो ग्रीन फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। जिसमें ऋतु खण्डूडी ने सर्वप्रथम एक पेड़ मां के नाम संकल्प के तहत पौधारोपण किया। फिर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यहां गो ग्रीन फाउंडेशन की अध्यक्ष विजय लक्ष्मी चौहान ने खण्डूडी का पगड़ी पहना कर स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित बच्चियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर ऋतु खण्डूडी का स्वागत किया गया। ऋतु खण्डूडी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी को हरेला की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा हम सभी इस व्यस्तम जीवन में अपने लिए और समाज के लिए कम समय ही निकाल पाते हैं। हम सभी को अपने पर्यावरण को सुरक्षित रखना चाहिए, उसका संवर्धन करना चाहिए। कोरोना काल में हम सभी को पेड़ों का महत्त्व समझ में आया। धरती को हम मां कहते हैं, यदि हम इसकी रक्षा न कर सके तो हमारा जीवन व्यर्थ है। समाज में बदलाव होता है, कुरीतियां भी आती हैं और उनका समाधान भी निकाला जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला सशक्तिकरण के लिए बहुत सराहनीय कार्य किए हैं, इसके लिए मैं उनका धन्यवाद करती हूं। सोच बदल रही है, अगर सोच बदलती है, तो समाज भी बदलता है विधानसभा अध्यक्ष खण्डूडी ने यूसीजी कानून के महत्व पर भी चर्चा की और प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की खुले शब्दों में प्रसंशा की।उन्होंने कहा संस्कार बदलने होंगे, सोच बदलनी होगी, इस समाज को सुदृढ़ और सुरक्षित अगर बनाना है, तो हम सबको अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा और अच्छे संस्कार देने होंगे। कार्यक्रम में अध्यक्ष दुग्ध संघ समिति मुकेश बोरा, पूर्व ब्लाक प्रमुख शान्ति भट्ट, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य सचिन साह, पूर्व मण्डी परिषद अध्यक्ष गजराज बिष्ट, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रताप रैक्वाल, जिला अनुसूचित मोर्चा महामंत्री रविन्द्र बाली, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा ऋतु डालाकोटी, सीमा, गायत्री, प्रकाश गजरौला, गीता बिष्ट, पान सिंह मेवाडी, दीपा सनवाल, पूजा भट्ट, मुन्नी भट्ट, चम्पा नेगी, रेखा मिश्रा, जया बिष्ट, के साथ ही ग्राम प्रधान दीपांशु जीना, विपिन जन्तवाल, कलावती थापा, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य महेश भण्डारी,गणेश आर्या, राकेश साह आदि उपस्थित रहे।




# अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल के नव नियुक्त पदाधिकारियों का किया स्वागत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मटर गली व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष दलजीत सिंह दल्ली की अध्यक्षता एवं महामंत्री अतुल गुप्ता गांधी महामंत्री के संचालन में स्वागत कार्यक्रम डीके पार्क में किया गया। जिसमें मटर गली व्यापारी एसोसिएशन के सदस्य परविंदर सिंह नागपाल डिंकी को अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल में नगर महामंत्री, सदस्य इरशाद हुसैन सिद्दीकी को सचिव, प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल में विजय प्रकाश शर्मा को नगर उपाध्यक्ष एव अमन केसरवानी को जीएसटी सलाहकार बनाए जाने पर उनका माल्यार्पण कर स्वागत कर मिष्ठान का वितरण किया गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष दलजीत सिंह दल्ली एव महामन्त्री



अतुल गुप्ता गांधी ने मटर गली से पदाधिकारी बनाये जाने पर प्रदेश कार्यकारिणी का धन्यवाद भी दिया। नवनियुक्त पदाधिकारियो को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि व्यापारी हित में जागृति के साथ काम करेंगे। साथ ही हमेशा मटर गली एसोसिएशन के भरोसे के साथ सम्मान करते रहेंगे। कार्यक्रम में जाकिर हुसैन सिद्दीकी, प्रिंस गुप्ता, सौरव सिंघल, लक्ष्मी नारायण, वकार अहमद, संदीप सक्सेना, परमजीत सिंह पम्मा, तरुण सक्सेन, मोहम्मद आरिफ, हुसैन सिद्दीकी, मयंक वाष्णेय, प्रेम चौधरी, मोइन बाबा, सुल्तान अहमद, धर्मवीर डेविड, विशाल यादव, राहुल दुआ, बंटी गुप्ता, सरफराज हुसैन, इकरार अहमद जोहेब अहमद अनवर , अंकित नगदली, प्रेम चौधरी, मोईन बाबा, मनीष वर्मा भय्यू आदि व्यापारी उपस्थित थे।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## माइक्रोसॉफ्ट के सर्वर में गड़बड़ी

तकनीकी संसाधनों पर निर्भरता बढ़ते जाने से व्यवसाय-वाणिज्य, निजी और दफ्तरी कामकाज में तेजी तो आई है, मगर इसमें एक खराबी किस कदर दुनिया की सारी रफ्तार रोक देती है, इसका ताजा उदाहरण माइक्रोसाफ्ट के नए साफ्टवेयर में आई गड़बड़ी है। माइक्रोसाफ्ट के सर्वर में गड़बड़ी आने से दुनिया भर के दफ्तरों में कामकाज लगभग ठप्प हो गया, रफ्तार थम गई। विभिन्न देशों में चौदह सौ से ऊपर हवाई सेवाएं रद्द करनी पड़ीं और हजारों हवाई जहाज देरी से उड़ पाए। टेलीविजन प्रसारण, बैंक सेवाओं, शेयर बाजार के कामकाज बुरी तरह प्रभावित हुए। हालांकि माइक्रोसाफ्ट के इंजीनियर इस गड़बड़ी को सुधारने में जुट गए, मगर इतने भर से दुनिया भर में अरबों रुपए का कारोबार प्रभावित हो गया। दरअसल, माइक्रोसाफ्ट ने एक नया साफ्टवेयर तैयार किया है, जिससे उपभोक्ताओं को तेज, सुविधाजनक और सुरक्षित सेवा देने का दावा किया गया था। यह साफ्टवेयर क्लाउड सेवा से जुड़ा हुआ है। उसमें क्राउड स्ट्राइक नामक साइबर सेंधमारी से सुरक्षा प्रदान करने वाले 'एंटीवायरस' को अद्यतन किया गया, तभी से गड़बड़ी शुरू हो गई। कंप्यूटर अपने आप बंद और चालू होने लगे। इससे माइक्रोसाफ्ट कंपनी की साख पर सवाल उठने शुरू हो गए हैं। हालांकि कुछ महीने पहले एलन मस्क ने भी माइक्रोसाफ्ट के 'एज' नामक नए साफ्टवेयर की व्यावहारिकता पर सवाल उठाया था। उन्होंने एक्स पर लिखा था कि यह साफ्टवेयर अव्यावहारिक है, जो कई कंप्यूटरों से एक साथ जुड़ जाता है और इस तरह इसकी सुरक्षा विश्वसनीय नहीं रह जाती। मगर तब माइक्रोसाफ्ट की तरफ से जवाब में कहा गया था कि यह साफ्टवेयर उपभोक्ता को कहीं भी बैठ कर आसानी से काम करने की सुविधा देता है। इसमें सेंधमारी का खतरा नहीं रहता। अब फिर से इस साफ्टवेयर की विश्वसनीयता संदिग्ध हो गई है। फिलहाल यह दावा करना मुश्किल है कि किसी साइबर अपराधी ने ऐसी गड़बड़ी पैदा की, पर ऐसी हरकत से इनकार नहीं किया जा सकता। जैसे-जैसे इलेक्ट्रानिक उपकरणों पर लोगों की निर्भरता बढ़ती गई है, वैसे-वैसे इसके खतरे भी बढ़ते गए हैं। साइबर सेंधमार लोगों के बैंक खातों, दफ्तरों के दस्तावेजों, कंपनियों के लेखा-जोखा वगैरह में सेंधमारी करने लगे हैं। हर इलेक्ट्रानिक उपकरण निर्माता कंपनी साइबर सेंधमारी रोकने के लिए वायरसरोधी उपाय करती है। जो कंपनी इसमें पिछड़ जाती है, वह बाजार में भी पिछड़ जाती है। माइक्रोसाफ्ट ने भी इसी समस्या से बचाने के लिए नई तकनीक ईजाद करने का दावा किया था। हर नई तकनीक में प्रायोगिक स्तर पर कुछ न कुछ अड़चन आती है। मगर जब कोई भरोसेमंद कंपनी अपने किसी उत्पाद को बड़े पैमाने पर बाजार में उतारती है, तो पहले यह सुनिश्चित कर लेती है कि वह पूरी तरह कारगर है। न जाने कैसे माइक्रोसाफ्ट से यह चूक हो गई कि इस साफ्टवेयर को लेकर आ रही शिकायतों को नजरअंदाज करते हुए इसे बाजार में चलाए रखा। माइक्रोसाफ्ट एज नामक तकनीक उपयोगी और सुविधाजनक हो सकती है, मगर पूरी तरह भरोसेमंद बन जाने से पहले उसे बाजार में इतने बड़े पैमाने पर नहीं वितरित किया जाना चाहिए था। जिस एंटीवायरस की वजह से ताजा समस्या आई बताई जा रही है, उसके परीक्षण में भी कही न कहीं चूक हुई। इस साफ्टवेयर में गड़बड़ी के चलते सिर्फ कुछ देर में जिस तरह दुनिया भर में करोड़ों लोगों को परेशानियां और व्यावसायिक संगठनों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा, उसकी भरपाई होना मुश्किल है।

# श्रीनगर के बेस चिकित्सालय में कार्डियक कैथ लैब का राज्यपाल ने किया लोकार्पण

देहरादून/पौड़ी गढ़वाल(उद संवाददाता)।राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शुक्रवार को वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली राजकीय आयुर्विज्ञान एवं शोध संस्थान, श्रीनगर गढ़वाल के राजकीय मेडिकल कॉलेज बेस चिकित्सालय में बनाई गई 6 करोड़ 35 लाख की लागत से बनी कार्डियक कैथ लैब का लोकार्पण किया। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत एवं गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी भी आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्र में स्थित वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली गवर्नमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के तृतीय रेफरल हॉस्पिटल में पहली बार कैथ लैब सुविधा का शुभारंभ हो रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा भरोसा है कि यह पर्वतीय जिलों में रहने वाले लगभग 20 लाख से अधिक आबादी के साथ-साथ ही चारधाम व हेमकुण्ड साहिब के दर्शन हेतु पधारने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए अवश्य केवल इस सुविधा का लाभ क्षेत्र के निवासियों को ही नहीं बल्कि सर्विस एक्सीलेंस को भी बनाए रखेगा। राज्यपाल ने कहा कि किसी स्वास्थ्य संस्थान की ओवरऑल सफलता के कई महत्वपूर्ण आधार होते हैं, जिनमें सेवाभाव, कार्य दक्षता, आपसी सहयोग, कर्तव्य निष्ठा एवं विकसित होते रहने की संकल्प शक्ति उस संस्थान की सफलता के प्रमुख आधार स्तम्भ होते हैं। उन्होंने कहा कि जब भी हम विश्व या देश के अग्रणी एवं श्रेष्ठतम अस्पतालों में प्रतिदिन लगभग 3700 लोग ओपीडी में आते हैं सरकार ने ओपीडी का पर्चा 29 रुपए से घटाकर 20 रुपए करने का निर्णय लिया है, अब एक प्रदेश एक पर्चा के तहत किसी भी अस्पताल का पर्चा अन्य अस्पताल में भी चलेगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने कहा कि श्रीनगर में इस लैब के बन जाने से पहाड़ की जनता को बड़े शहरों में नहीं भागना





उपस्थित रहे। बेस चिकित्सालय में कैथ लैब लोकार्पण के बाद मुख्य कार्यक्रम मेडिकल कॉलेज के प्रेक्षागृह में आयोजित किया गया। इसके उपरांत राज्यपाल ने मेडिकल कॉलेज के प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित किया। इस दौरान उन्होंने मेडिकल कॉलेज की 'उमंग' स्मारिका का शुभारंभ भी किया। कार्यक्रम के समापन के बाद राज्यपाल ने हरेला पर्व के तहत मेडिकल कॉलेज परिसर में रुद्राक्ष का पौधा रोपित किया। वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली राजकीय आयुर्विज्ञान एवं शोध संस्थान, श्रीनगर गढ़वाल में कैथ लैब के लोकार्पण पर ही लाभकारी होगा। राज्यपाल ने राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं में अपना सक्रिय योगदान देने वाले सभी जन प्रतिनिधियों, अधिकारियों, चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि इनके निरंतर प्रयासों एवं सहयोग से आज यह पहाड़ी क्षेत्र इस उपलब्धि तक पहुँच सका है। उन्होंने गढ़वाल क्षेत्र के दुर्गम एवं अति दुर्गम स्थानों में निवास करने वाले सभी लोगों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं की पूर्ति कर रहे इस संस्थान को कैथ लैब सुविधा के शुभारम्भ के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने कहा कि आगामी समय में यह संस्थान न संस्थानों को देखते हैं तो हम पाते हैं कि उत्कृष्टता को बनाये रखने के लिए उनमें कार्य करने वाले समस्त सदस्यों के बीच बहुत अच्छी हार्मनी एवं परिश्रम की भावना होती है। उन्होंने कहा कि देवभूमि के राज्यपाल के रूप में जब मुझे ऐसे दृश्य देखने को मिलते हैं तो मुझे अंदर से खुशी की अनुभूति होती है। कार्डियक लैब के लोकार्पण कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया जा रहे हैं, कहा के पिथौरागढ़ में मेडिकल कॉलेज एक वर्ष के भीतर तैयार हो जाएगा। पड़ेगा। उन्होंने कहा कि राज्यसभा सांसद रहते हुई मैंने सांसद निधि से पर्वतीय क्षेत्रों में आईसीयू का निर्माण करवाया जोकि कोविड महामारी में वरदान साबित हुआ। कार्यक्रम में चिकित्सा शिक्षा निदेशक डॉ. आशुतोष सयाना, जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान, एसएसपी लोकेश्वर सिंह, मेडिकल प्राचार्य डॉ. सीएमएस रावत, संयुक्त मजिस्ट्रेट अनामिका, कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष दून मेडिकल कॉलेज डॉ. अमर उपाध्याय, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार सहित अन्य अधिकारी व चिकित्सक उपस्थित थे।

## सरेआम तलवार से हमला करने वाले तीन सगे भाई गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।रम्पुरा में दबंगई दिखाकर खुलेआम तलवार से हमला करने और पेट्रोल पम्प पर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने आरोपी तीन सगे भाईयों को गिरफ्तार कर लिया है। बता दें बीते दिनों रम्पुरा में कुछ लोगों ने खुलेआम तलवार लहराते हुए तीन युवकों पर हमला किया था। इसके बाद पेट्रोल पम्प पर भी एक युवक के साथ सरेआम मारपीट करते की थी। हमले में आयुष, जैकी और विशाल घायल हो गये थे। दोनों घटनाओं का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ था। मामले में पुलिस मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने रम्पुरा वार्ड नंबर 24 निवासी तीन सगे भाईयों पप्पू कोली, रवि उर्फ मक्खन एवं अनिल कोली पुत्रगण जयनारायण कोली को गिरफ्तार कर लिया। तीनों को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है साथ ही इनके साथ हमले में शामिल अन्य लोगों की पुलिस तलाश कर रही है।

# स्कूलों के समय में बदलाव से यातायात का दबाव हुआ कम

देहरादून। शहर के क्लस्टर एरिया में स्थित 21 स्कूलों के खुलने और छुट्टी के समय यातायात व्यवस्था पर पड़ने वाले दबाव को देखते हुए एसएसपी देहरादून द्वारा उक्त सभी स्कूलों के समय में परिवर्तन कर यातायात के दबाव को कम करने के लिए आदेश जारी किये गये थे। जिसके क्रम में सेंट जोसेफ और कान्वेंट स्कूल को छोड़कर शेष 19 स्कूलों द्वारा समय सारणी में परिवर्तन करते हुए स्कूलों को संचालित किया गया। शुक्रवार से स्कूलों की समय सारणी में हुए परिवर्तन और उससे यातायात व्यवस्था में पड़े प्रभाव का आंकलन करने के लिए एसएसपी खुद ग्राउण्ड जीरो पर मौजूद रहे। इस दौरान स्कूलों के खुलने और छुट्टी के समय स्कूलों के आस-पास व मुख्य मार्गों पर यातायात के दबाव का आंकलन





किया।पाया गया कि कुछ स्कूलों द्वारा अपने स्कूलों के बाहर मुख्य मार्गों पर यातायात के संचालन के लिए कोई भी गार्ड नियुक्त नहीं किया गया है. कुछ स्कूलों द्वारा जिन गार्डों को नियुक्त किया गया है, उनके द्वारा यातायात प्रबन्धन में कोई सहयोग नहीं किया जा रहा है, इसके साथ ही स्कूल में बच्चों को लाने और ले जाने के लिये पब्लिक ट्रांसपोर्ट की तुलना में निजी वाहनो का अधिक प्रयोग किया जा रहा है, जिससे स्कूलों के आस-पास के मार्गों पर स्कूलों के खुलने और छुट्टी के समय यातायात का दबाव बढ रहा है। स्कूलों के समय में किए गये परिवर्तन से छुट्टी के समय मुख्य मार्गों राजपुर रोड, नेहरू कालोनी जैसे स्थानों पर यातायात का दबाव आम दिनों की तुलना में कम रहा, इसके साथ ही बलवीर रोड, कर्जन रोड जैसे क्षेत्रों में सड़कों के संकरा होने और स्कूलों में अभिभावकों के प्राइवेट वाहनों की अधिकता होने के कारण यातायात का दबाव रहा. एसएसपी ने कहा आवश्यकता अनुसार अपेक्षित गार्ड नियुक्त करने के सम्बन्ध में स्कूलों को अवगत कराया जायेगा।

# गुरु की कृपा से ही प्राप्त होती है संसार की सम्पूर्ण विद्यायें

## गुरु पूर्णिमा पर्व पर विशेष

हमारे जीवन में कुछ रिश्ते ऐसे होते हैं। जो बिल्कुल निस्वार्थ भावना से बने होते हैं उसी में से एक है गुरु शिष्य का पवित्र रिश्ता। गुरु की भूमिका हर किसी के जीवन का स्वर्णिम वरदान होती है।



गुरु का ज्ञान और प्रेरणा ही जीवन को बड़ा व महान बनाती है। गुरु वह पारस है जो अपने शिष्य को साधारण से विशेष बनाता है। गुरु का रिश्ता अपने शिष्य से इतना निः स्वार्थ और पावन होता है कि वह अपने शिष्य को ज्ञान की ताकत से जीवन की हर कठिनाई से जीतना सिखाकर खुद से बड़ा बनाने का सपना देखता है। शिष्य भी अपने गुरु से प्रेरित होकर उसके हर आदेश और सुझाव को बिना किसी संशय के पूर्ण विश्वास के साथ जीवन में आत्मसात करता है। एक जमाना था जब गुरु शब्द आदर सम्मान की मिसाल माना जाता था। भाषाई विकास और सूडो इटलेक्यु आलिज्म के थपेड़ों की मार सहकर यह शब्द अब क्या रूप अख्तियार कर बैठा है। किसी शख्स की शातिरबाजी या नकारात्मक पहुंच को जताना हो तो कितने धड़ल्ले से इस शब्द का प्रयोग किया जाता है। बड़े गुरु हैं जनाब। ऐसा जुमला सुनकर कैसा महसूस होता है। गुरु शब्द संबोधन के नकारात्मक और सकारात्मक दोनों रूपों को आप जानते हैं इतिहास में श्री कृष्ण के सांदीपनि, श्रीराम के विश्वामित्र, दानवीर कर्ण के परशुराम, धनुर्धर अर्जुन के द्रोणाचार्य, चन्द्रगुप्त के चाणक्य। ऐसे कितने ही उदाहरण है जिनमें गुरुओं ने अपने शिष्यों को खुद से बड़ा बनाकर इतिहास में हमेशा के लिए अमर कर दिया। मेरे जीवन की सबसे बड़ी प्रेरणा व सफलता के लिए में अपने सम्माननीय स्वर्गीय श्री सत्यपाल आहूजा जी को मानता हूं जिन्होंने मेरा मार्गदर्शन किया। आओ हम सब मिलकर नई पीढ़ी को गुरु शिष्य के पवित्र रिश्ते का महत्व बताकर गुरु शिष्य रिश्ते की गरिमा को और अधिक मजबूत करने में अपनी भूमिका अदा करें। आषाड़ मास की पुर्णिमा व्यास पुर्णिमा कहलाती है। इस दिन गुरु की पूजा की जाती है स पूरे भारत में यह पर्व बड़ी श्रद्धा के साथ मनाया जाता है स वैसे तो व्यास नाम के कई विद्वान हुए हैं परन्तु व्यास ऋषि जो चारों वेदों के प्रथम व्याख्याता थे, आज के दिन उनकी पूजा की जाती है। हमें वेदों का ज्ञान देने वाले व्यासजी ही थे। अतः वे हमारे आदिगुरू हुए। उनकी स्मृति को बनाये रखने के लिए हमें अपने-अपने गुरुओं को व्यासजी का अंश मानकर उनकी पूजा करनी चाहिए। प्राचीन काल में जब विधार्थी गुरु के आश्रम में निशुल्क शिक्षा ग्रहण करते थे तो इसी दिन श्रद्धाभाव से प्रेरित होकर अपने गुरु की पूजा किया करते थे और इन्हें यशाशक्ति दक्षिणा अर्पण किया करते थे। इस दिन केवल गुरू की ही नहीं अपितु कुटुंब में अपने से जो बड़ा है अथार्त माता-पिता, भाई-बहन आदि को भी गुरुतुल्य समझना चाहिए। इस दिन प्रातः कल स्नान पूजा आदि नित्यकर्मों से निवृत होकर उत्तम और शुद्ध वस्त्र धारण कर गुरु के पास जाना चाहिये। उन्हें ऊँचे सुसज्जित आसन पर बैठाकर पुष्पमाला पहनानी चाहिए। इसके बाद वस्त्र, फल, फूल व माला अर्पण कर तथा धन भेंट करना चाहिये। इस प्रकार श्रद्धापूर्वक पूजन करने से गुरु का आशीर्वाद प्राप्त होता है। गुरु के आशीर्वाद से ही विद्यार्थी को विद्धया आती है। उनके हृदय का अज्ञान अन्धकार दूर होता है। गुरु का आशीर्वाद ही प्राणीमात्र के लिए कल्याणकारी, ज्ञानवर्धक और मंगल करने वाला होता है। संसार की सम्पूर्ण विद्याएँ गुरु की कृपा से ही प्राप्त होती हैं और गुरु के आशीर्वाद से ही दी हुई विद्धया सिद्ध और सफल होती है। इस पर्व को श्रद्धापूर्वक मनाना चाहिये, अंधविश्वासों के आधार पर नहीं। गुरु पूजन का मंत्र है- गुरु ब्रह्मा गुरु विष्णुः गुरुदेवो महेश्वर गुरुसाक्षातपरब्रहम तस्मै श्री गुरवे नमः।

**-प्रस्तुति-नरेश कुमार सेठ**

## पद्मश्री बसंती बिष्ट को गढ़वाली लोक संगीत में आकाशवाणी से मिला टॉप ग्रेड

देहरादून(उद संवाददाता)। आकाशवाणी देहरादून की 'ए' ग्रेड कलाकार पद्मश्री से सम्मानित डॉ. बसंती बिष्ट को गढ़वाली लोक संगीत में आकाशवाणी द्वारा टॉप ग्रेड प्रदान किया गया है। ग्राम ल्वाणी, जिला चमोली में जन्मी जागर गायिका डॉ. बसंती बिष्ट ने वर्ष 1996 में आकाशवाणी नजीबाबाद द्वारा आयोजित स्वर परीक्षा में गढ़वाली लोक संगीत में 'बी' ग्रेड प्राप्त किया। उसके पश्चात उन्हें 'बी हाई' और वर्ष 2013 में 'ए' ग्रेड प्रदान किया गया। टॉप ग्रेड आकाशवाणी द्वारा संगीत के क्षेत्र में दिया जाने वाला सर्वोच्च ग्रेड है। आकाशवाणी की परंपरा के अनुसार, अब उन्हें विदुषी की उपाधि प्राप्त हो गई है। आज आकाशवाणी देहरादून के



कार्यालय में कार्यक्रम प्रमुख श्री शिवराम सिंह रावत ने डॉ. बसंती बिष्ट को इस आशय का प्रमाण पत्र प्रदान किया। डॉ. बसंती बिष्ट को कला के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए 2017 में पद्मश्री से नवाजा गया था। इसके अलावा उनके नाम कई पुरस्कार दर्ज हैं। इस अवसर पर सहायक निदेशक (कार्यक्रम) श्रीमती मंजुला नेगी, संगीत अनुभाग प्रमुख श्री अनिल भारती, कार्यक्रम अधिशासी श्री राकेश ढौंडियाल, श्री रॉबिन करमाकर और श्री सुनील सिंह कार्की उपस्थित थे।

# मेडिकल कॉलेज में कर्मचारियों के धरने को दिया समर्थन

## पूर्व दर्जा मंत्री कर्नाटक ने बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं के खिलाफ जताया आक्रोश

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने मेडिकल कॉलेज में कर्मचारियों के धरने में पहुंच मेडिकल कॉलेज प्रशासन को खरी खोटी सुनाई। उन्होंने कहा कि वर्षों से कर्मचारी मेडिकल कॉलेज में लगातार अपनी सेवाएं दे रहे हैं लेकिन न ही मेडिकल कॉलेज प्रशासन और न ही प्रदेश सरकार उनके लिए चिंतित है। यह बड़ा ही शर्मनाक वाकया है कि विगत चार माह से कर्मचारियों को उनकी तनख्वाह का भी भुगतान नहीं किया गया है। इसके साथ ही उनके पद सृजन की दिशा में भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है। श्री कर्नाटक ने कहा कि आज दर्जनों कर्मचारियों के सामने अपने परिवार के भरण पोषण की गंभीर समस्या पैदा हो गई है, लेकिन मेडिकल कॉलेज प्रशासन और प्रदेश सरकार इस ओर कोई ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि लगातार 5 दिनों से मेडिकल कॉलेज के कर्मचारी धरना दे रहे हैं लेकिन कोई भी उनकी सुध नहीं ले रहा है,अब यह सब बर्दाश्त की सीमा से बाहर हो गया है। श्री कर्नाटक ने कहा कि आगामी सोमवार को वह अपने साथियों के साथ कर्मचारियों के समर्थन में कर्मचारियों की मांगों एवं लगातार मेडिकल कॉलेज में बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के विरोध में प्राचार्य कक्ष के बाहर धरना प्रदर्शन करेंगे। कर्नाटक ने कहा कि यदि इसके बाद भी कर्मचारियों की मांगे पूरी नहीं हुई और मेडिकल कॉलेज की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ तो उन्हें मजबूरन चरण बद्ध तरीके से आंदोलन प्रारंभ करना पड़ेगा, इसकी समस्त जिम्मेदारी मेडिकल कॉलेज प्रशासन की होगी। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज प्रशासन कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान कर पाने में असफल साबित हो रहा है।इसके साथ ही मरीजों को भी लगातार मेडिकल कॉलेज जैसी संस्था में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। श्री कर्नाटक ने कहा कि अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज में न्यूरो सर्जन, बर्न यूनिट,इमरजेंसी ऑपरेशन थिएटर, डायलिसिस तक की सुविधा नहीं है।डायलिसिस के लिए मरीज हंस फाउंडेशन के डायलिसिस सेंटर पर निर्भर हैं, मेडिकल कॉलेज के नाम पर करोड़ों रुपया खर्च करके यहां पर एक ऐसे सफेद हाथी का पुतला खड़ा कर दिया गया है जो लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं तक उपलब्ध कराने में नाकाम सिद्ध हो रहा है,मेडिकल कॉलेज में मरीजों को बाहर की दवाई लिखी जा रही हैं,आज कर्मचारियों की हड़ताल की स्थिति में आलम यह है कि मरीज के परिजनों को एंबुलेंस से स्टेचर में मरीज को खुद उठकर अस्पताल में ले जाना पड़ रहा है,इसके साथ ही चिकित्सक को दिखाने के लिए ओपीडी का पर्चा काटने तक में मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि एक लंबा समय मेडिकल कॉलेज,जिला चिकित्सालय एवं महिला चिकित्सालय प्रशासन को दे दिया गया है लेकिन समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं,अब उन्होंने स्वास्थ्य व्यवस्थाओं में हो रही हीलल हवाली के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है और मेडिकल कॉलेज,जिला चिकित्सालय, महिला चिकित्सालय की स्वास्थ्य व्यवस्थाएं नहीं सुधरी तो वह तीनों चिकित्सालयों के खिलाफ लामबद्ब होकर आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस अवसर पर मेडिकल कालेज के दर्जनों कर्मचारियों सहित हिमांशु कनवाल,हेम जोशी, प्रकाश सिंह, रोहित शैली,राकेश बिष्ट, भूपेंद्र भोज, देवेन्द्र कर्नाटक आदि उपस्थित थे।



# जम्मू कश्मीर में सेना को खुली छूट दी जाए: डा. महाजन

गदरपुर(उद संवाददाता)। जम्मू कश्मीर में बढ़ती आतंकवादी घटनाओं में अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी से चिंतित एकम सनातन भारत दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डा. आर. के. महाजन ने महामहिम राष्ट्रपति से सेना को खुली छूट देने की मांग की है। प्रेस वार्ता में डा. महाजन ने कहा कि गत 28 दिनों में जम्मू कश्मीर में 11 आतंकवादी घटनाएं हुई है उनमे देश के 13 जवानों का सर्वोच्च बलिदान हुआ तथा लगभग 10 जवान गंभीर रूप से घायल हुए तथा 10 तीर्थयात्री भी मारे गये



हैं। डा. महाजन ने कहा कि पिछले 30 महीनो में सेना पर घात लगाकर 11 बार हमले किये गये जिनमे 50 जवान शहीद हुए है। डा. महाजन ने कहा कि देश की अपार क्षति हुई है। कहा कि अब सरकार 'जैसे को तैसा' की नीति अपनाकर आतंकवादियों तथा उनको शरण देने वालों को चुनचुन कर ठिकाने लगा देना चाहिए तभी आतंकवाद की कमर तोड़ी जा सकती है व निर्दोष नागरिको व वीर जवानों का बलिदान रुक सकता है । प्रेस वार्ता के दौरान हरचरन चन्ना, व अमित ढींगरा उपस्थित रहे।

# पिंगलों में खड़ी बोलेरो में लगी आग

गरुड़(उद संवाददाता)। तहसील के पिंगलों में एक खड़ी बोलेरो में आग लग गई। पूरा वाहन जलकर खाक हो गया। वाहन स्वामी की तहरीर पर बैजनाथ पुलिस जांच में जुट गई है। गुरुवार की रात्रि पिंगलों के सिरौली गांव निवासी मनोज सिंह खाती पुत्र नंदन सिंह खाती अपनी बोलेरो संख्या यूके 02 टीए 2124 को सड़क किनारे खड़ी करके घर चला गया। अचानक रात में वाहन में आग लग गई। आसपास के ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना फायर स्टेशन बैजनाथ को दी।सूचना मिलते ही एफएसओ गोपाल सिंह रावत ने बैजनाथ इकाई में तैनात फायर ब्रिगेड की टीम को तुरंत मौके पर भेजा,



उन्होंने बताया कि फायर ब्रिगेड टीम ने आग लगने की सूचना मिलते ही फायर यूनिट के जवान मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पा लिया।वही भयावह हुई आग को आसपास फैलने से रोका। जिसके बाद सूचना मिलते ही बैजनाथ के थानाध्यक्ष प्रताप सिंह नगरकोटी भी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और आवश्यक जानकारी जुटाई। उन्होंने बताया कि वाहन स्वामी मनोज सिंह खाती ने बैजनाथ थाने में तहरीर देते हुए कहा है कि वाहन में आग अज्ञात कारणों से लगी है, उन्हें किसी पर कोई संदेह नहीं है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# मैक्स हॉस्पिटल में 75 साल की महिला को मिला नया जीवन

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल पटपड़गंज (नई दिल्ली) के डॉक्टरों ने 75 वर्षीय महिला की सफल वाल्व रिप्लेसमेंट सर्जरी की है। मरीज सुशीला वर्मा हल्द्वानी की रहने वाली हैं, जिन्हें सर्जरी के बाद नया जीवन मिला है। ये महिला जानलेवा एओर्टिक वाल्व स्टेनोसिस से पीड़ित थीं, जिन्हें तुरंत इलाज की जरूरत थी। इस तथ्य को उजागर करने के उद्देश्य से मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, पटपड़गंज में सीटीवीएस कार्डियक सर्जरी (सीटीवीएस) के डायरेक्टर व हेड डॉक्टर वैभव मिश्रा ने एक अवेयरनेस सेशन को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि कार्डियक केयर सर्जरी में हुई हाल की प्रगति की मदद से इस तरह की जटिल सर्जरी की जा सकती है और गंभीर हृदय स्थितियों वाले रोगियों के जीवन में सुधार लाया जा सकता है। डॉक्टर वैभव के साथ हल्द्वानी की 75 वर्षीय मरीज सुशीला वर्मा भी मौजूद रहीं, जिन्होंने अपने अनुभव साझा किए।मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, पटपड़गंज में सीटीवीएस कार्डियक सर्जरी (सीटीवीएस) के डायरेक्टर व हेड डॉक्टर वैभव मिश्रा ने बताया, जानलेवा स्थिति होने के अलावा इस केस में कई और चुनौतियां थीं। महिला को कई और बीमारियां थीं और उनकी शारीरिक स्थिति भी कमजोर थी, उनका वजन सिर्फ 40 किलोग्राम था, और सीओपीडी के कारण उनके फेफड़ों में समस्या थी। पारंपरिक ओपन-हार्ट सर्जरी रिस्की होता है जिसे देखते हुए हमारी टीम ने मिनिमली इनवेसिव अप्रोच अपनाई। इसमें 5 सेमी का चीरा और नई जनरेशन की सिवनी-लेस वाल्व का उपयोग किया गया, जिसे छतरी की तरह लगाया गया। इस नवीन तकनीक ने पारंपरिक वाल्व रिप्लेसमेंट से जुड़े जोखिमों को कंट्रोल किया है, और ये एक सुरक्षित विकल्प के रूप में काम आया। सर्जरी के बाद रिकवरी के दौरान मरीज ने अच्छे से रिस्पॉन्ड किया और फंक्शनल क्षमता में काफी सुधार हुआ। मरीज अब असिम्प्टोमटिक हैं और पूरी तरह से ठीक है। बताया कि अलग-अलग बीमारियों से पीड़ित इस तरह के बुजुर्ग मरीज की सर्जरी करना बेहद चुनौतीपूर्ण रहता है। हालांकि, मिनिमली इनवेसिव अप्रोच और एक सिवनी रहित वाल्व के उपयोग ने टीम को जोखिमों को कम करने और एक सफल परिणाम प्राप्त करने में मदद की।




# ढोल वादक के उत्पीड़न से देवभूमि शर्मशार : आर्य

रूद्रपुर। नेता प्रतिपक्ष एवं बाजपुर से कांग्रेस विधायक यशपाल आर्य ने प्रदेश में जातिगत भेदभाव की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा है कि जोशीमठ में तबियत खराब होने के कारण मेले में ढोल बजाने नहीं आ पाने पर परंपरा का उलंघन का दोष मढ़ते हुए अनुसूचित जाति व्यक्ति पर गांव की पंचायत ने पांच हजार रुपए का



जुर्माना लगाया, नौला, धारा, सड़क, घास, रास्ते, हुक्का पानी, सामग्री खरीदने पर बहिष्कार का विषय संज्ञान में आया है ।उत्तराखंड में इस तरह की घटना के होने से देवभूमि शर्मशार हुई है और ये बेहद दु:खद एवं अमानवीय व चिंताजनक है और हमारे समाज के क्रूर अमानवीय चेहरे को दिखाती हैं। आज हम समता व सामाजिक सौहार्द की बात करते हैं पर आज भी कुछ असमाजिक तत्व इस सौहार्द को समाप्त कर समाज को बांटने वाली वर्ण व्यवस्था को पुनर्जीवित करने का षडयंत्र रचने का कार्य कर रहे हैं। आज सर्वसमाज में आवश्यकता है कि ऐसे लोगो का विरोध करे जो समाज में ऊंच-नीच, छूवाछूत,द्वेष की भावना फैलाए..। इस तरह की अपराधिक कृत्य करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा दंडित करने की आवश्यकता है। मुझे विश्वास है सभी वर्गों के लोग इस कृत्य की निन्दा करते हुए अपराधिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करें ।मेरी इस सन्दर्भ में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक चमोली से दूरभाष पर बात हुई और में मुख्यमंत्री जी से एवं सरकार से भी माँग करता हूँ कि अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए इन तत्वों के खिलाफ सखघ्त से सख्त कार्रवाई करे ।

# उमस भरी गर्मी ने किया बेहाल

देहरादून। दून में धूप और बादलों की आंख-मिचौनी से उमस बढ़ गई है। हालांकि, शहर के बाहरी क्षेत्रों में तीव्र बौछारों के दौर जारी हैं। देर शाम भी दून में तेज हवा के साथ बौछारें पड़ीं। वहीं रात को मूसलधार वर्षा से शहर के चौक-चौराहे जलमग्न हो गए। गर्मी से राहत तो मिली लेकिन भारी वर्षा से जलभराव ने लोगों की मुश्किल बढ़ा दी। मौसम विभाग की ओर से दून में आज भी कहीं-कहीं मध्यम से तीव्र वर्षा के आसार हैं। चमोली में शुक्रवार रात बारिश हुई। वहीं शनिवार को मौसम साफ हो गया। अगले कुछ दिन मानसून की वर्षा और जोर पकड़ सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, आज चंपावत, नैनीताल, ऊधमसिंह नगर में भारी से बहुत भारी वर्षा को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। जबकि, देहरादून, पौड़ी, पिथौरागढ़, बागेश्वर व अल्मोड़ा में भी कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ भारी वर्षा हो सकती है, जिसे लेकर यलो अलर्ट है।

## पेज एक का शेष...

**निजी बस की टक्कर से ..** महिला कांस्टेबल शकुंतला जोकि कैंट थाने में तैनात हैं, भी साथ में थी।रिस्पना पुल के पास फ्लाईओवर पर तेज रफ्तार बस ने स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में महिला दारोगा की मौके पर ही मौत हो गई जबकि महिला कांस्टेबल घायल हो गई। हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला पुलिसकर्मी को अस्पताल तक पहुंचाया। हादसे के बाद फ्लाईओवर के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस ने बमुश्किल जाम खुलवाया। साथ ही बस ड्राइवर को हिरासत में ले लिया।

**भाजपा की बैठक में ...**गये और बोले कि सरकार में आप हो और आपके विधायक इस समस्या का हल निकालने में जुटे हुये है। यदि आपके विधायक इस कार्य को नही करवा रहे होते तो आप इसे संगठन में उठाते। आप अनावश्यक बात कर समय खराब न करे। अपनी खिंचाई होता देख बेचारे दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री खामोश होकर इधर-उधर बगले झांकने लगे। बात यही खत्म नही हुई नजूल भूमि के मुद्दे पर भी उक्त नेता ने अपने मुखारबिंद से अटपटी बात कह दी और जिसे सुन भाजपाई अपनी हंसी न रोक पाये। बार-बार नेता जी के मुख से संगठन से हटकर बाते सुनता देख प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार से भी नही रहा गया और आखिरकार उन्होंने भी कहा दिया कि यदि संगठन से सम्बंधित कोई सुझाव आपके पास नही है तो आपको बोलना जरूरी नही है। यदि संगठन से सम्बंधित कोई सुझाव है तो आप उसे बताइये। बहरहाल भाजपा संगठन की उक्त बैठक में नेता जी की हुई खिंचाई को लेकर भाजपाईयों के बीच जमकर चर्चाए हो रही है। संगठन की बैठक में महामंत्री संगठन को भाजपा पदाधिकारियों द्वारा कई सुझावों के साथ-साथ अपनी शिकायतों से अवगत कराया। जिसे महामंत्री द्वारा गंभीरता से सुना और कई सुझावों को लागू कराने का भरोसा भी दिलाया गया।

**थाने में पत्रकार से ...**व्यक्त किया। जिसके बाद मामला शांत हो गया। इस दौरान नवनियुक्त कोतवाल ने कहा कि पत्रकारों के साथ सामंजस्य के साथ काम किया जायेगा। इस दौरान अमन सिंह, गोपाल भारती, मनीष्ज्ञ बाबा, दीपक शर्मा, किशन गंगवार, जमील अहमद, अनुज सक्सेना, भानू चुघ, दुर्गेश तिवारी, हरविंदर खालसा, महेन्द्र पाल मौर्या, कश्मीर राणा, हिमांशु राणा, सलीम खान, गुरविंदर सिंह गिल, रामपाल धनकर, सुरेन्द्र गिरधर, गुरूबाज सिंह, भूपेन्द्र छिमवाल, नरेन्द्र राठौर, विकास कुमार, ललित पाण्डे, बबलू पाल, राजकुमार शर्मा, अर्जुन कुमार, शुभोदिती मण्डल, सुनील राणा, नागेन्द्र सिंह,सुब्रत विश्वास, ब्रजेश पाण्डे आदि मौजूद रहे।

**व्यापार मंडल ने एसएसपी...**पर दिन में नो एंट्री लगायी गयी है। जिसके चलते व्यापारियों को बाहर से सामान मंगाने में दिक्कतें आ रही है। नो एंट्री में सामान लेकर आने वाले वाहनों का पुलिस चालान कर देती है। इसी को लेकर शनिवार को व्यापार मण्डल अध्यक्ष संजय जुनेजा की अगुवाई में व्यापारियों के प्रतिनिधि मण्डल ने एसएसपी मंजुनाथ टिसी से उनके कार्यालय में मुलाकात की और व्यापारियों को आ रही दिक्कतों से अवगत कराते हुए व्यापारियों का सामान लेकर आने वाले लोडर वाहनों को नो एंट्री में छूट देने की मांग की। जिस एसएसपी ने लोडर वाहनों को राहत देने का आश्वासन दिया। साथ ही एसएसपी ने व्यापारियों से कहा कि सामान लेकर आने वाले वहन कर रजिस्ट्रेशन होना चाहिए इसके अलावा चालक परिचालक का सत्यापन भी अनिवार्य रूप से होना चाहिए। उन्होंने कहा कि नियमों की अनदेखी करने पर कार्यवाही की जायेगी। प्रतिनिधि मण्डल में मनोज छाबड़ा, संदीप रावत, कवलजीत बठला, पवन गावा, राजकुमार सिकरी, अमित जैन, निशांत छाबड़ा, अशोक जैन, सरजू आदि शामिल थे।

**बोलेरो खाई में ...**उपनिरीक्षक भीमदत्त जोशी ने बताया कि मृतकों की पहचान त्यूणी तहसील क्षेत्र के ऐठान गांव निवासी 48 वर्षीय जयेंद्र सिंह पुत्र चंदराम और 46 वर्षीय हुकम सिंह पुत्र प्रताप सिंह के रूप में हुई है। राजस्व पुलिस ने मृतक का पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र त्यूणी भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया।

**गुलदार ने ग्रामीण...**गुलदार ने उन पर हमला कर दिया। ग्रामीणों ने वन विभाग व देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी से संपर्क कर घटनाक्रम की जानकारी दी। कुछ ही देर बाद डांगचौरा रेंज के वन क्षेत्राधिकार बुद्धि प्रकाश के नेतृत्व में टीम जाखी गांव पहुंची। गुलदार घायल अवस्था में था, जिस पर कुत्तों ने भी हमला किया था। वन विभाग की टीम ने सुबह पांच बजे गुलदार को अपने कब्जे में लिया। वन क्षेत्राधिकारी बुद्धि प्रकाश ने बताया कि गुलदार के गले में तार का फंदा फंसा हुआ था। जिससे वह घायल था। सुबह उसकी मौत हो गई।

**बीमार पत्नी को ..** रिसींविग मांग रही थी। लेकिन बुजुर्ग के पास कोई रिसीविंग नही थी। बुजुर्ग का कहना था कि उसके प्रार्थना पत्र की रिसीविंग नहीं दी गयी। बाद में दरोगा के नया प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही के आश्वासन के बाद बुर्जन अपनी बीमार पत्नी को वापस ले गया। एस आई शंकर सिंह विष्ट ने बताया कि इससे पूर्व भी बुजुर्ग अपनी पत्नी को लाकर पुलिस पर दबाब बनाने का प्रयास कर चुका है। बुजुर्ग को उकसाने वाले रिश्तेदार के खिलाफ जरूरत पड़ने पर कार्यवाही की जायेगी।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक- परमपाल सुखीजा**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# जल्द धरातल पर दिखाई देगा ड्रीम प्रोजेक्ट : भट्ट

## जमरानी बांध परियोजना के प्रभावित परिवारों के लिए उधम सिंह नगर में पराग फॉर्म और गाड़ियाबाग की 300.5 एकड़ भूमि पर एवं हैड़ाखान मंदिर भी पंचायत की 2.5 एकड़ भूमि पर होगा विस्थापन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद श्री अजय भट्ट ने अपने ड्रीम प्रोजेक्ट जमरानी बांध परियोजना को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान श्री भट्ट ने अधिकारियों को परियोजना संबंधित सभी कार्यों को तेजी से करने के निर्देश दिए साथ ही डूब क्षेत्र में आ रहे परिवारों को बांटी गई विभिन्न श्रेणियां में मुआवजा वितरित करने तथा जिन परिवारों की श्रेणी संबंधित आपत्ति यह हैं उनको निस्तारित करने के निर्देश दिए। शुक्रवार को सांसद श्री भट्ट ने जमरानी बांध परियोजना को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि जमरानी बांध परियोजना को लेकर प्रोजेक्ट मैनेजर से लेकर अन्य पदों पर एक्सपर्ट अधिकारियों का चयन हो चुका है। इसके अलावा जमरानी बांध परियोजना की शुरुआती स्थिति में होने वाले कार्यों को शुरू कर दिया गया है। श्री भट्ट ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कई परिवारों को विस्थापित करने के लिए बनाई गई श्रेणियां को लेकर आपत्ति है लिहाजा उनकी सुनवाई जल्द कर उन्हें भी निश्तरित किया जाए। इसके अलावा प्रभावित परिवारों को मुआवजा राशि भी वितरित करने जल्द शुरू की जाए। बताया कि विस्थापितों की श्रेणियां वार



में प्रथम श्रेणी में 213 परिवार द्वितीय श्रेणी में 821 परिवार और तृतीय श्रेणी में 233 आए हैं। इनके विस्थापन के लिए उधम सिंह नगर में पराग फॉर्म और गाड़ियाबाग 300.5 एकड़, हैड़ाखान मंदिर भी पंचायत की 2.5 एकड़ भूमि पर विस्थापित होगा। श्री भट्ट ने कहा कि कई परिवारों ने उनके श्रेणी चयन को लेकर आपत्तियां जताई हैं उनके द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पुनः उनकी आपत्तियों का निस्तारण किया जाए। वर्तमान समय में बांध निर्माण के लिए प्रोजेक्ट कंसलटेंट प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सहित अन्य एक्सपर्ट पैनल का चयन भी हो गया है। श्री भट्ट ने कहा कि जल्द उनका यह ड्रीम प्रोजेक्ट धरातल पर दिखाई देगा। जिसका फायदा भाबर और तराई की लाखों की आबादी को पेयजल और सिंचाई के रूप में होगा। जमरानी बांध बहुउद्‌दृशीयपरियोजना को पहली बार वर्ष 1975 में उत्तर प्रदेश राज्य सरकार और योजना आयोग द्वारा तकनीकी रूप से रु0 61.25 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई। वर्ष 1981 में परियोजना के प्रथम चरण में गोला बैराज का निर्माण, 40.5 किमी लंबी नई नहरों और 244 किमी लंबी नहर नेटवर्क का नवीनीकरण किया गया।जमरानी बांध परियोजना लागत रू0 2584.10 करोड़ की स्वीकृति केन्द्रीय जल आयोग, भारत सरकार तकनीकी सलाहकार समिति द्वारा दिनांक 11.02.2019 को प्रदान की गई। जमरानी कंक्रीट ग्रेविटी बांध 150.6 मीटर ऊंचाई, 405 मीटर लम्बाई गौला नदी पर मौजूदा गौला बैराज से 10 किमी अपस्ट्रीम जिला नैनीताल, उत्तराखंड में निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। बाँध के जलाषय अथवा झील की लम्बाई 10 कि०मी० एवं लाइव स्टोरेज 142.72 एमसीएम है, जिसका उपयोग पेयजल और सिंचाई के लिए किया जाना है। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित हाई पावर कमेटी द्वारा जमरानी परियोजना के मूल्यांकन के बाद, उत्तराखण्ड राज्य मंत्रिमंडल ने 21 फरवरी 2024 को परियोजना के अवषेष कार्यों हेतु संशोधित लागत रू0 3678.23 करोड़ रुपये को मंजूरी दे दी है। इसके अतिरिक्त परियोजना के कार्यों हेतु वर्ष 2024-25 में उत्तराखण्ड वार्षिक बजट में रू0 700 करोड़ का प्राविधान किया गया है। हल्द्वानी शहर में सिंचाई, एवं पेयजल परियोजना के प्रमुख घटक हैं।इस परियोजना से उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के चार जिलों में 57065 हेक्टेयर क्षेत्र की सिंचाई की जाएगी। यूपी के जिला रामपुर और बरेली को 47607 हेक्टेयर क्षेत्र के लिए सिंचाई का पानी मिलेगा जबकि उत्तराखंड के नैनीताल और यूएस नगर जिलों को 9458 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई प्रदान की जाएगी। परियोजना के लिए पानी और लागत साझा करने के लिए मई 2018 में यूपी और उत्तराखंड के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यूपी और उत्तराखंड को क्रमशः 57% और 43% सिंचाई जल प्राप्त होगा। यूपी द्वारा परियोजना लागत पर 594.38 करोड़ रुपये के रूप में साझा की जाने वाली लागत की गणना वर्ष 2015 के मूल्य स्तर पर की गई है। परियोजना से हल्द्वानी शहर को 42.70 एमसीएम या 117 एमएलडी पेयजल उपलब्ध कराया जाना है। वर्ष 2051 में शहर की अनुमानित जनसंख्या 10.65 लाख के लिए इसका आकलन किया गया है।

# गदपुर के मो. इलियास ने दून में लहराया परचम

गदरपुर (उद संवाददाता) देहरादून के कुवावाला में दून क्रिकेट ग्राउंड में टी-20 गोल्डन कप- 2024 अन्तर्विभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट हुआ । जिसमे उत्तराखण्ड पुलिस और एज्युकेशन अचीवर्स फाइनल





में पहुची। उत्तराखंड पुलिस ने टॉस जीतकर पहले बलेबाजी का फैसला किया जिसमे उन्होंने 20 ओवर में 172 रन और 9 विकेट के नुकसान में रहे जिसमे नीरज सैनी ने 43 रन का स्कोर बनाया वहीं मोहम्मद ईलयास ने 2 विकेट झटके। बैटिंग करने उतरी एजुकेशन अचीवर्स 102 तनद पर ऑलआउट हो गई जिसमे अभिलास कौशिक ने 33 तनद का योगदान दिया फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच जीतेन्द्र नेगी को मिला। राजकीय महाविद्यालय गदरपुर के कनिष्ठ सहायक मौहम्मद इलियास द्वारा टूर्नामेंट में प्रतिभाग किया गया। इस टूर्नामेंट में मौहम्मद इलियास को 258 रन एवं 8 विकेट के लिए मैन ऑफ द सीरीज एवं पांच मैचों में 258रन बनाने पर बेस्ट बैट्समैन, से सम्मानित किया गया। मौहम्मद इलियास की इस उपलब्धि से महाविद्यालय में खुशी का माहौल है, महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर शर्मिला सक्सेना द्वारा बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# ब्लॉक प्रमुख ने किया श्रम विभाग कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। खटीमा के ब्लॉक प्रमुख ने श्रम विभाग कार्यालय खटीमा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई खामियां पकड़ी गयी। खटीमा के ब्लाक प्रमुख रंजीत सिंह नामधारी को शिकायत मिली कि महिलाएं दुर्धरा क्षेत्र से अपना कार्य करवाने के लिए आई हुई थी उनके कार्य लगभग 6 महीना से निलंबित पड़े हुए हैं रोज महिलाएं श्रम विभाग कार्यालय आती है और खाली हाथ वापस चली जाती है। उनके कोई भी काम नहीं होते। जिस पर ब्लाक प्रमुख कार्यालय पहुंचे और उन्होंने श्रम विभाग के सक्षम अधिकारियों से वार्ता की। इस दौरान उन्होंने श्रम विभाग अधिकारी दीपक से वार्ता कर जल्द से जल्द समस्या का समाधान करने को कहा। संज्ञान में आया कि सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण क्षेत्र से ग्रामीण अपने कार्यों को लेकर श्रम विभाग पहुंच रहे हैं परंतु एक से दो कर्मचारी ही



कार्यालय में कार्यरत हैं वहीं कार्यालय समय से नहीं खुलने पर भी ग्रामीण आक्रोशित दिखे। ग्रामीणों ने ब्लॉक प्रमुख रणजीत सिंह नामधारी को बताया कि कार्यालय का गेट 2 बजे खोला गया, जिससे ग्रामीण खासा नाराज हैं रोजाना उनके साथ ऐसा ही होता है कि कर्मचारी 2 बजे आते हैं और 2 से 5 बजे तक काम करते हैं । क्षेत्र से आई जनता रोज खाली हाथ वापस चले जाती है। इस दौरान रविंद्र सिंह राणा वरिष्ठ भाजपा नेता, गुरप्रीत सिंह आदि मौजूद थे।

# युवक को घेरकर चाकू से किया हमला

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। एक व्यक्ति की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद व छह अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार जयनगर नंबर तीन निवासी पवन कुमार ने दी तहरीर में कहा



कि बुधवार की रात को जयनगर नंबर एक निवासी अंकित सिंह एक अन्य व्यक्ति के साथ अकारण उसके घर के आसपास घूम रहा था। विरोध करने पर वह वहां से चला गया। बाद में वह गांव के ही विजय, अनुप, विपिन सहित अन्य आधा दर्जन लोगों के साथ आकर उस पर हमला बोल दिया।उसके सिर पर चाकू से प्रहार करके उसे लहुलुहान कर दिया। विरोध करने पर हमलावरों ने परिवार की महिलाओं व अन्य सदस्यों से मारपीट कर उन्हें भी घायल कर दिया। पुलिस नें अंकित, विजय, अनुप, विपिन व छह अज्ञात लोगों के खिलाफ धारा 151, 191, 74 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वही बीते दिनो चोरी करने के बाद गृहस्वामी पर चाकू से हमला कर घायल मामलें में पुलिस ने अब तक नही की कोई कार्यवाही।

# समस्याओं को लेकर अधिशासी अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)।पूर्व नगर पंचायत चेयरमैन प्रत्याशी रमेश राय ने विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर नगर वासियों के साथ नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौपा। अधिशासी अधिकारी को दिये ज्ञापन में कहा कि वर्तमान समय में पूरे नगर क्षेत्र में हमलावर बंदरों का आतंक है, जिसे पकड़कर जंगलों में छोड़ा जाए, सड़क दुर्घटना का कारण बन चुके बेसहारा पशुओं को सुरक्षित गौशाला में भेजा जाये, नगर के मुख्य मार्ग के किनारे रखे निर्माण सामग्रियों को तत्काल हटवाया जाए, वार्ड संख्या 1 से 7 तक जहां-जहां जल भराव की स्थिति है वहां से जल निकासी के लिए नाली निर्माण कराया जाए, जिन जगहों पर सड़क को तोड़कर पानी निकासी की गई, उन जगहों को अतिशीघ्र दुरुस्त



किया जाए, बरसात के मौसम को देखते हुए नालियों एवं जल भराव वाले स्थान पर कीटनाशक का छिड़काव किया जाए, नगर क्षेत्र में बनी सड़कों को खोदकर बिछाई गई पाइपलाइन से क्षतिग्रस्त मार्गों की मरम्मत विभागीय स्तर पर करवाया जाए, शहर को जाम से छुटकारा दिलाने के लिए, ई-रिक्शा के लिए स्थाई स्टैंड की व्यवस्था की जाए, साथ ही कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। रमेश राय ने कहा की नगर पंचायत क्षेत्र की जनसमस्याओं को वे प्रमुखता के साथ समाधान के लिए सम्बन्धित अधिकारिओ के सम्मुख निरन्तर उठाते हुए आये है,और भविष्य मे भी निरंतर जनसेवा करते रहेंगे।ज्ञापन प्राप्त करने के पश्चात अधिशासी अधिकारी प्रतिभा कोहली ने कहा कि इन मांगों को गंभीरता से लिया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में अजय सरकार, दिलीप राय, सुनील, राकेश दास,कृष,संजय मण्डल, विश्व नाथ, प्रकाश मण्डल, सुजीत, दिलीप तालूकदार, आनंद विश्वास, विश्वजीत, गोविंद, अशर्फी लाल,सुरेश, मनोज सुतार आदि शामिल थे।

# आवारा कुत्तों से निजात दिलाने की मांग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गंगापुर रोड स्थित बसुंधरा गुरूबक्स ग्रीन कालोनी के लोगों ने ट्रांजिट कैम्प थानाध्यक्ष को शिकायती पत्र देकर



आवारा कुत्तों से निजात दिलाने और आवारा कुत्तों को संरक्षण देने वालों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। दिये गये पत्र में कालोनी के लोगों ने कहा कि कालोनी में दो आवारा कुत्ते घूमते हैं जिन्हें कालोनी में ही रहने वाले एक परिवार द्वारा संरक्षण दिया जा रहा है। इन दोनों को उक्त परिवार द्वारा भोजन पानी दिया जाता है जिसके चलते आवारा कुत्ते कालोनी में ही मंडराते हैं और आये दिन बच्चों महिलाओं और बुजुर्गो पर हमला करने के साथ ही कालोनी में गंदगी फैलाते हैं। कई बार उक्त परिवार को समझाने का प्रयास किया लेकिन उक्त लाग पशु अधिनियम की आड़ लेकर मुकदमा लिखवाने की धमकी देते हैं। कालोनीवासियों ने आवारा कुत्तों से निजात दिलाने और उन्हें संरक्षण दे रहे परिवार पर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। शिकायत करने वालों में नीलम साहू ,नीरू जायसवाल,दीपा पाठक,मेघा शर्मा, खुशबू तिवारी,स्वाति बांगा,नेहा चौहान ,रूचि कनोजिया, सोनिया रंगीला ,सिमरन, अर्चना श्रीवास्तव,सुषमा गंगवार,स्वेता अग्रवाल, सुनीता शर्मा आदि शामिल हैं।

# प्रवर्तन अधिकारी ने किया स्कूल बसों का निरीक्षण

गदरपुर(उद संवाददाता)। स्कूल बसों से हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए परिवहन विभाग के प्रवर्तन अधिकारी रुद्रपुर आनंद प्रकाश गुप्ता की टीम गदरपुर पहुंची और स्कूल बसों को चेक किया। टीम ने गदरपुर में एसएस पब्लिक स्कूल, सेंट मैरी स्कूल और रेड रोज कान्वेंट स्कूल की बसों को चेक किया। उन्होंने बताया कि कुछ



बसों में खामियां मिली है जैसे फायर सिलेंडर ना होना, फर्स्ट एड बॉक्स किट ना होना,बस में कैमरा ना होना और कुछ बसों की फिटनेस नही है यह सब नोट करके अपने उच्च अधिकारियों को भेज दिया है। वहां से जो भी निर्देश आएंगे उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी। आनंद प्रकाश गुप्ता ने बताया कि स्कूल प्रबंधक को बताकर बसों की चेकिंग की गई है । स्कूल प्रबंधक को भी बता दिया गया है कि स्कूल में चलने वाली बसों के मानकों को पूरा किया जाए। टीम के गदरपुर पहुंचते ही बस चालकों में हड़कंप मचा रहा। अधिकारी द्वारा स्कूल बस में मिली अनियमिताओं के बारे में पूछने पर जल्द ही कमियों को पूरा करने की बात बस चालक कहते नजर आए।